■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक-14)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 06 मई, 2024

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024
आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान अवश्य करें

मोदी की चाहत में दीवाना हुआ कानपुर 8 | असलहा लिये सपा नेता के डांस का वीडियो वायरल 3

# प्रेक्टिकल के दौरान केमिकल में लगी आग, 5 छात्राएं झुलसी

- कन्नौज जिले के थाना इंदरगढ़ के किशई जगदीश पुर गांव के एल एस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का मामला
- घटना के दौरान विद्यालय में चल रहा था प्रेक्टिकल।





कन्नौज। कन्नौज जिले के किशई जगदीश पुर के उपरोक्त स्कूल में कक्षा 10 की छात्राओं का प्रेक्टिकल चल रहा था। प्रेक्टिकल के दौरान प्रयोगशाला कमरे में 38 छात्राएं और शिक्षक पीएस चोपड़ा आदि मौजूद थे। प्रेक्टिकल के दौरान केमिकल मिलाते समय अचानक उठी आग की लपटों से हड़कंप मच गया। अफरातफरी के बीच पांच छात्राएं झुलस गई। इन छात्राओं की आखें प्रभावित हुई हैं।

इनमें सिमरन, निशा पाल, सना बानो, जान्हवी और अंशिका प्रभावित हुई हैं।

इन छात्राओं को कानपुर और तिर्वा मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिये परिजनों द्वारा एंबुलेंस से ले जाकर भर्ती कराया गया है। घटना के दौरान बडी संख्या में बच्चों के अभिभावक स्कूल पहुंच गये थे। समाचार लिखे जाने तक बच्चों की हालत चिंताजनक बनी हुई थी।

## भारतीय वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले को बताया बीजेपी का चुनावी स्टंट : चन्नी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में कल भारतीय वायु सेना के वाहन पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले पर मीडिया द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए चन्नी ने कहा, यह स्टंटबाज़ी हो रही है, जब चुनाव आते हैं भाजपा को जीताने के लिए ऐसे स्टंट होते हैं। यह पहले से तैयार किए हुए हमले हैं, इसमें सच्चाई नहीं होती ।कांग्रेस नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी अपने बयान की वजह से विवादों में घिर गए हैं। दरअसल, रविवार को उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के काफिले पर हुए आतंकी हमले को भाजपा का चुनावी स्टंट करार दिया। कांग्रेस नेता के इस बयान से विवाद खड़ा हो गया है ।जम्मू-कश्मीर के पुंछ में कल भारतीय वायु सेना के वाहन पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले पर मीडिया द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए चन्नी ने कहा, यह स्टंटबाज़ी हो रही है, ।

## बीजेपी ने पैसे के बल पर संदेशखालि का 'झूठ' फैलाया, ममता बनर्जी ने कहा- घड़ियाली आंसू बहाना बंद करें मोदी

बोलपुर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पैसे के बल पर संदेशखालि का 'झूठ' फैलाया।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ''घड़ियाली आंसू बहाना'' बंद करना चाहिए, क्योंकि ''भाजपा द्वारा रची गई साजिश का खुलासा एक हालिया स्टिंग से हो गया है।'

' तृणमूल ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि यह उसके उस रुख की पुष्टि करता है कि संदेशखालि प्रकरण के पीछे भाजपा का हाथ था।

तृणमूल ने कथित वीडियो जारी किया, जिसमें संदेशखालि में भाजपा के मंडल अध्यक्ष होने का दावा करने वाले गंगाधर कायल को यह कहते सुना जा सकता है कि पूरी साजिश के पीछे पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी का हाथ है। हालांकि, 'पीटीआई-भाषा' तृणमूल कांग्रेस द्वारा साझा किए गए वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता।

बोलपुर लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार और मौजूदा सांसद शताब्दी रॉय के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया, ''(इस) झूठ की साजिश भाजपा ने रची और इसने कुछ लोगों को झूठ बोलने के लिए पैसे दिये।''

उन्होंने दावा किया, ''क्या कभी किसी ने सोचा था कि भाजपा इतनी गिर जाएगी कि संदेशखालि पर अफवाहें फैलाएगी? ऐसे घृणित आरोप लगाकर पश्चिम बंगाल की माताओं का अपमान न करें। हमारी पार्टी के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए पैसे की पेशकश करके राज्य की महिलाओं का अपमान करने का साहस मत करो।''

बनर्जी ने आरोप लगाया, ''वीडियो पर भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया देखकर यह स्पष्ट था कि वे डरे हुए हैं।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि, अगर तृणमूल कांग्रेस के नेताओं समेत किसी भी व्यक्ति ने कोई गलत काम किया है, तो पार्टी और राज्य सरकार हमेशा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने में तत्पर रहती है, चाहे वे कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों।



सभी कानपुर नगर वासियों से अपील है कि 13 मई को अपने बूथ में जाकर मतदान अवश्य करें।





आशीष शर्मा

मोबाइल नंबर 8081216630 (132/407 - बाबू पुरवा, कानपुर)

सभी कानपुर नगर वासियों से अपील है कि 13 मई को अपने बूथ में जाकर मतदान अवश्य करें।





विनय कुमार

शिक्षा संवाददाता (कानपुर नगर)

सभी कानपुर नगर वासियों से अपील है कि 13 मई को अपने बूथ में जाकर मतदान अवश्य करें।





विज्ञापन कार्यालय-130/4-बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि)

बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941

सभी कानपुर नगर वासियों से अपील है कि 13 मई को अपने बूथ में जाकर मतदान अवश्य करें।




सभी कानपुर नगर वासियों से अपील है कि 13 मई को अपने बूथ में जाकर मतदान अवश्य करें।




सभी भारतवासियों से अपील है कि हो रहे लोकसभा 2024 के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करते हुए मतदान अवश्य करें।

पहले मतदान - फिर जलपान






बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें www.bpsnews.in

सम्पादक (बी.पी.साहू)
मो.8423454502,9335908846

## संपादकीय

### सिर्फ शर्मनाक

एक समय था कि जब लोग देश के नेताओं के सार्वजनिक जीवन में आचरण का अनुसरण करते थे। नेताओं को भी समाज में अपनी छवि व प्रतिष्ठा की फिक्र रहती थी। वे कहे को जीते भी थे। लेकिन हाल के वर्षों में राजनीति में कई क्षत्रप परिवारों के ऐसा नेता भी सामने आए हैं जिन्होंने सत्तामद में चूर होकर तमाम नैतिकताओं व मर्यादाओं को ताक पर रखा। पिछले दिनों कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्यूलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के साथ दुराचार के जो गंभीर आरोप लगे, उसने राजनीति में पतन की पराकाष्ठा को दर्शाया है। आरोपी सांसद का दुस्साहस देखिए कि वह मतदान के दिन तक चुनाव क्षेत्र में रहा और फिर जर्मनी भाग गया। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पौत्र और पूर्वमंत्री एचडी रेवन्ना के पुत्र प्रज्वल के यौन उत्पीड़न व दुराचार दर्शाते करीब तीन हजार वीडियो सार्वजनिक हुए। चुनाव प्रचार के दौरान वीडियो पेन ड्राइव के जरिये बांटे जाते रहे। निस्संदेह इस मामले के खुलासे की टाइमिंग के राजनीतिक निहितार्थ हैं। वहीं भाजपा के एक नेता ने एक साल पहले भाजपा नेतृत्व को पत्र लिखकर चेताया था कि प्रज्वल के कुकृत्यों की पेन ड्राइव कांग्रेस के पास पहुंच चुकी है। जिसका उपयोग लोकसभा चुनाव में हथियार के रूप में किया जाएगा। सवाल भाजपा नेतृत्व पर भी है कि हकीकत से वाकिफ होने के बावजूद क्यों प्रज्वल रेवन्ना को गठबंधन के सहयोगी कोटे से टिकट दिया गया? जब राज्य में कांग्रेस की सरकार है तो एक साल पहले जानकारी होने के बावजूद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई? दरअसल, एक समुदाय विशेष में एचडी देवगौड़ा परिवार की पकड़ होने की वजह से भाजपा व कांग्रेस कड़ी कार्रवाई से बचते रहे हैं। बहरहाल, इस सेक्स स्कैंडल के उजागर होने और उसके बाद तमाम सफाई के बावजूद जनता दल सेक्यूलर और उसकी सहयोगी भाजपा को राहत मिलना मुश्किल है। वजह है कि आरोप गंभीर और महिलाओं की अस्मिता से जुड़े हैं।निश्चित रूप से कर्नाटक में पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार के सदस्य व सांसद ने जो कुकृत्य किये हैं, उससे भारतीय लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। विडंबना देखिये कि जो बड़े राजनेता महिलाओं की प्रशंसा में कसीदे पढ़ने से नहीं थकते हैं, वे व्यावहारिक जीवन में दुराचार की पराकाष्ठा देखकर भी आंखों पर पट्टी बांध लेते हैं। वे इस शर्मनाक कांड की व्याख्या अपनी सुविधा के अनुसार कर रहे हैं। एक पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार का सांसद अपने घर में काम करने वाली महिलाओं तक को न बख्शे, इससे ज्यादा शर्मनाक क्या हो सकता है। आरोप है कि प्रज्वल रेवन्ना ने किसी भी आयु और वर्ग की महिला को नहीं बख्शा। इतना ही नहीं, सरकारी महिला अधिकारियों, कर्मचारियों व पार्टी कार्यकर्ताओं तक को हवस का शिकार बनाकर वीडियो बनाने तक के गंभीर आरोप प्रज्वल पर लगे। वीडियो इसलिये बनाये ताकि शोषण के बाद लोकलाज के भय से उन्हें चुप रखा जा सके। आरोपों के निशाने पर पूर्व मंत्री व प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना भी हैं। हालांकि, प्रज्वल का आरोप है कि एआई के जरिये उसके फोटों से छेड़छाड़ करके वीडियो बनाए गए हैं। लेकिन यदि वह निर्दोष है।

# गंगा-जमुनी संस्कृति पर चोट करते तल्खी के बोल

**चुनावी बड़बोलापन सज्य तरीके की हदों के भीतर बना रहे। राजनीतिक ताकत हासिल करने की कोशिशें नैतिकता की कीमत पर नहीं हो सकती, वर्ना यह हरकत देश और सामाजिक ताने-बाने को विघटन की खतरनाक राह पर धकेल देगी। यह सब अपने देश को लेकर गहन चिंता की भावना से लिखा जा रहा है, वह जिसकी अतुलनीय विविधताओं को अपने भीतर समाने और जीवंत लोकतंत्र की सततता बनाए रखने का सामर्थ्य पर हम नाज़ करते आए हैं और दुनिया ईर्ष्या। यह हमारा सबसे कीमती आभूषण है, जो सदियों में पाई विविध खूबियों के रत्नों से जड़ा है और अब सदा के लिए इसके खोने का खतरा मंडरा रहा है। यह वह खजाना है जो लुट-पिट गया तो कोई भावी विश्वगुरु दुबारा फिर इकट्ठा न कर पाएगा।**





भारत की अपार विविधता इसकी मजबूत हकीकत है। कोई राजनीतिक दल, भले ही कितना ताकतवर और किसी विचारधारा विशेष से चालित हो, वह इसको एकांगी रंग में रंगने में सफल नहीं हो पाएगा। हमारी संस्कृति साझापन लिए है, लेकिन जोर साझेदारी के पहलू पर है न कि पालना में। यह चौरास्तों की संस्कृति है, जिसने हजारों सालों के दौरान विविध प्रभावों के सुमेल से वजूद पाया है। जहां भौगोलिक रूप से यह भूभाग थलीय काफिला-मार्गों का चौराहा है, जो मध्य एशिया से होकर आगे भूमध्य सागर तक जाते थे। वहीं इसके सुदूर दक्षिणी छोर के बंदरगाह हिंद महासागर के पूरबी और पश्चिमी छोरों को जोड़ने का काम करते रहे। जिस प्रकार भारतीय धर्म और राजनीतिक विचार, भाषाएं, कला और वास्तुकला का प्रवाह इस उप-महाद्वीप से निकल दूसरे देशों में फैला, ठीक इसी तरह उन मुल्कों का प्रभाव भी समस्त भारतवर्ष पर बना। नाना देशों से आई विविध खूबियां भारतीय संस्कृति और इसके लोगों के स्वभाव में रच-बस गईं और जन्मजात महानगरीय संस्कृति विरासत में मिलती गई, यह विशेषता भारतीयों को विश्वभर में सबसे अधिक अनुकूलनशील बनाती है। देखा जाए, हम संसार के मूल वैश्विक नागरिक हैं।

जब भारत ने पिछले साल सितम्बर माह में जी-20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया था तो इसका आदर्श वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम? था, जो हमारी इस खूबी को सबसे अच्छी तरह परिभाषित करता था। लेकिन किसी के लिए समस्त विश्व को गले लगाने की शुरुआत पहले अपने देश के लोगों को बांहों में भरने से होनी चाहिए। यह भी एक कारण है कि क्योंकर संविधान की पूर्व-प्रस्तावना में जितना अधिमान आज़ादी और समानता को दिया गया है उतना ही बंधुत्व को भी। भारत जैसे विविधता भरे मुल्क के लिए बंधुत्व की अहमियत खासतौर पर है। यह आपसी प्यार की भावना का निर्माण करता है जो विविध जातियों, प्रजातियों या सम्प्रदायों और उनकी जीवनशैली के बीच अंतर के प्रति एक-दूसरे को सहिष्णु बनाता है। यह बंधुत्व ही है जो हमारी राष्ट्रीयता की असल नींव है। यह साझा हित एवं साझा राष्ट्रीय मिशन का लक्ष्य पाने में संबद्धता एवं संलग्नता बनाता है।संविधान का स्वरूप बनाने वालों को पता था कि भारतीय राष्ट्रवाद का निर्माण इसके लोगों की बहुरंगी पहचान को मान्यता देकर होगा है न कि दबाकर। तथापि, अंतिम विश्लेषण में, वे पूरी तरह आश्वस्त न थे कि क्या भारतीय लोग अपनी अलग पहचान का संतुलन समान नागरिकता के अति महत्वपूर्ण सिद्धांत से सही ढंग से बैठा पाएंगे या नहीं। अपने अंतिम (मौजूदा) रूप में आते-आते और समय-समय पर हुए संशोधनों और विधायिका द्वारा पारित कानून धीरे-धीरे राज्यसत्ता को नागरिक अधिकारों की एवज पर बलपूर्वक मनमर्जी चलाने की ताकत से लैस करते गए। राज्यसत्ता किन्हीं पहचान रखने वालों की निरंकुशता चलने देने और अन्यों के मामले में दमन करने वाला पक्षपाती रुख रखने लगी, वह जो मौके के मुताबिक राजनीतिक हित स्वार्थ साधने में सबसे उपयुक्त हो। किन्हीं विशेष पहचान वालों पर राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की आड़ में दमन तो वहीं दूसरों (अपने लोगों) को राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के नाम पर प्रोत्साहित करना और यहां तक कि वैधता देना। राज्यसत्ता ने मीडिया और सूचना चैनलों पर नियंत्रण और प्रभाव बना लिया ताकि कुछ सम्प्रदायों को खलनायक तो अपने वाले को श्रेष्ठ बनाकर पेश किया जा सके। ऐसा होने पर, राजनीतिक भड़काऊ भाषण वक्त की रणनीति का पूरक बन जाते हैं। इस प्रकार के नफरती बोल अक्सर ऊंचे उन्मादी सुर में चिल्ला-चिल्ला कर कहे जाते हैं ताकि अन्य सभी तार्किक मुद्दे डूब जाएं।लोकतंत्र में, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना एक अभिन्न अंग है, लेकिन यही काफी नहीं। एक स्वतंत्र मीडिया और एक जीवंत सिविल सोसायटी आम नागरिक के अधिकारों पर राज्यसत्ता के निरंकुश व्यवहार से रोकने में प्रहरी का काम करते हैं। वे नागरिकों की ओर से राज्यसत्ता से सवाल करते हैं और लोगों को सूचना का वैकल्पिक साधन मुहैया करवाते हैं। एक सशक्त और स्वतंत्र न्यायपालिका की भूमिका भी यही है। इतिहास में, ऐसे मामले हैं जब राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता की दलीलों का इस्तेमाल स्वतंत्र संस्थानों, विरोध का सुर उठाने वालों और अतंतः राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर राष्ट्रविरोधी होने का ठप्पा लगाकर, उन्हें गैर-कानूनी बनाने में किया गया।

भारत अपने 18वें आम चुनाव के मतदान चरणों से गुजर रहा है। यह गर्व की बात है कि विगत में देश हर पांच साल में अभूतपूर्व पैमाने के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न करवाता आया है और विजयी पक्ष को सत्ता का हस्तांतरण बिना हिंसा या चुनौती के निर्विघ्न होता रहा। एक स्वतंत्र चुनाव आयोग सुनिश्चित करता है कि तमाम राजनीतिक दल और राजनेता अपने चुनावी अभियानों में नियमों में बंधकर ही वोट मांगेंगे। उम्मीद की जाती है कि उम्मीदवार धर्म, जाति या समुदाय का इस्तेमाल वोटें पाने में नहीं करेंगे। परंतु मौजूदा चुनाव प्रचार में कुछ राजनीतिक दल और नेताओं के जहरीले बोल तमाम हदें लांघ रहे हैं। भाषणों में सरेआम संप्रदाय विशेष के नागरिकों के विरुद्ध अत्यंत असभ्य और लांछित करने वाले हमले हो रहे हैं। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर बार-बार राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप उछाले जा रहे हैं। मतदाता को भ्रमित करने के लिए यह भ्रामक सूचना और सफेद झूठ की बनी धुंध बनाने जैसा है। कहने को वे वसुधैव कुटुम्बकम? की बात करते हैं लेकिन फिर भी खुलेआम हमारे नाजुक है।

# तीन चरणों के उम्मीदवारों, उम्मीदवारी खारिज़ हो सकती हैं



गोंदिया। वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े और विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत में जारी सबसे बड़े चुनावी महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के दो चरण हो चुके हैं तथा तीसरा चरण 7 मई 2024 को होगा व चौथ चरण के लिए दिनांक 13 मई 2024 को मतदान के लिए उम्मीदवारी फार्म जमा करने का अंतिम दिन आज 3 मई 2024 को हो गया। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 1717 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे।देशभर में 96 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 4264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं।इस बीच चुनाव आयोग को संज्ञान में आया कि कुछ उम्मीदवारों द्वारा अपने सभी सरकारी बकाया चुकता करने के बावजूद उन्हें नो ड्यू सर्टिफिकेट नहीं मिल सका और उन्होंने अपने उम्मीदवारी फॉर्म के साथ यह सर्टिफिकेट नहीं जोड़ा था तो उम्मीदवारी फार्म जांच के दौरान उनकी उम्मीदवारी को रद्द कर दिया गया, वे उम्मीदवारी से बाहर हो गए इसका संज्ञान आते ही चुनाव आयोग द्वारा आज दिनांक 3 मई 2024 को देर शाम बाकी बचे चार चरणों के राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि उम्मीदवार को नो ड्यू सर्टिफिकेट के लिए आवेदन के 48 घंटे के भीतर उन्हें यह प्रमाणपत्र निर्गमित किया जाए और उम्मीदवार को अपने नामांकन पत्र के साथ यह सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से जोड़ना है, वह भी नामांकन के अंतिम दिन दोपहर 3 बजे तक, अन्यथा फॉर्म की जांच के समय उनकी उम्मीदवारी फॉर्म खारिज यानी अस्वीकार किया जा सकता है, जो उम्मीदवार के लिए रेखा अंकित करने वाली बात है, क्योंकि यह बात दिखने में छोटी है परंतु इसके सिवा उम्मीदवारी खारिज हो सकती है, इसलिए जैसे ही चुनाव आयोग का यह निर्देश मीडिया में आया तो हर मीडिया चैनल व प्लेटफार्म पर इस मुद्दे को लपक लिया गया और शाम से ही हवा की भांति पूरे निर्वाचन क्षेत्र में यह बात फैल गई। इसलिए मैंने भी आज इस करंट मुद्दे को आज केआर्टिकल के रूप में लपक लिया और लोकसभा चुनाव 2024 के बाकी तीन चरणों के उम्मीदवारों से विनती कर रहा हूं कि उम्मीदवार अटेंशन प्लीज उम्मीदवारी खारिज हो सकती है चूंकि आज 3 मई 2024 को चुनाव आयोग ने नए निर्देश तीन चरणों वाले प्रदेशों के सचिवों को जारी कर दिया है कि उम्मीदवार से आवेदन मिलने के 48 घंटे के भीतर नो ड्यू सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाए, इसलिए आज हममीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चुनाव आयोग का स्पष्ट निर्देश सभी बकाया चुकाने के बाद भी नो ड्यू सर्टिफिकेट संलग्न नहीं करने पर जांच के दौरान उम्मीदवारी अस्वीकार हो सकती है उम्मीदवार ध्यान दें।

साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा दिनांक 3 मई 2024 को देर शाम सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को जारी पत्र की करें तो, ईसीआई ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को एक निर्देश जारी किया है। चुनाव आयोग के अनुसार सभी राज्य चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को समय से नो ड्यूज सर्टिफिकेट जारी करें। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में ईसीआई ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 33, के अनुसार आवश्यक फॉर्म 26 में एक शपथ पत्र के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उम्मीदवारों के महत्व पर जोर दिया। आयोग ने कहा कि कोई भी कॉलम न छूटे और फॉर्म पूरा हो, इसके अलावा चुनाव आयोग ने पिछले 10 वर्षों में सरकारी आवास में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए किराया, बिजली बिल, पानी बिल और टेलीफोन बिल सहित सरकारी बकाया की भी जानकारी देने को कहा है। वहीं नो ड्यूज सर्टिफिकेट पर चुनाव अधिसूचित होने वाले महीने से तीसरे महीने की आखिरी तारीख या उसके बाद की कोई तारीख नहीं होनी चाहिए। चुनाव आयोग ने बताया कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन करने की अंतिम तिथि पर दोपहर 3 बजे तक शपथ पत्र के साथ नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा किया जाना चाहिए। सभी बकाया चुकाने के बाद भी नो ड्यूज़ सर्टिफिकेट हासिल न करने पर जांच के दौरान उम्मीदवार की उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जा सकती है।चुनाव आयोग का निर्देश 2024 के मौजूदा लोकसभा चुनावों के दौरान हुए कुछ घटनाक्रम के बाद आया है, जहां उम्मीदवारों को सभी बकाया चुकाने के बावजूद संबंधित अधिकारियों से नो ड्यूज सर्टिफिकेट प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। चुनाव आयोग ने चुनावी लोकतंत्र के सिद्धांतों को बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया में व्यवधानों से बचने के लिए इन प्रमाणपत्रों को समय पर जारी करने के महत्व पर जोर दिया, वहीं जिन उम्मीदवारों की शिकायत इस संबंध में आ रही है, ऐसे में उनसे निपटने के लिए एक व्यवस्था बनाई जाएगी, जिससे समय पर उम्मीदवारों को नो ड्यूज सर्टिफिकेट मिले। ईसीआई ने सुचारू चुनावी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए संबंधित विभागों अधिकारियों और एजेंसियों से इन निर्देशों का तत्काल पालन करने को कहा। चुनाव आयोग ने राज्य सरकारों को उम्मीदवारों को आवेदन करने के 48 घंटे के भीतर नो ड्यूज प्रमाणपत्र जारी करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों के लिए भी सलाह जारी की और कहा कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन की वैधानिक अवधि के समाप्त होने के बाद नो-ड्यूज प्रमाणपत्र जमा करने से भी उम्मीदवार को कोई राहत नहीं मिलेगी। आयोग ने कहा कि सभी प्रकार के बकाया का भुगतान करने के बावजूद नो-ड्यूज प्रमाणपत्र जमा नहीं करने का असर नामांकन की जांच के दौरान प्रत्याशी की उम्मीदवारी पर पड़ता है। चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों के लिए भी सलाह जारी की और कहा कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन की वैधानिक अवधि के समाप्त होने के बाद नो-ड्यूज प्रमाणपत्र जमा करने से भी उम्मीदवार को कोई राहत नहीं मिलेगी। आयोग ने यह भी बताया कि संसदअथवा विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने के समय उम्मीदवार को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत हलफनामा भी जमा करना होता है और यह पूर्णतः भरा होना चाहिए। आगामी 13 मई को चौथे चरण के लिए मतदान होना है।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

# कॉमेडी फिल्म 'खेल खेल में' प्रदर्शन के लिए तैयार



भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित और टी-सीरीज़ फिल्म, वाकाऊ फिल्म और केकेएम फिल्म प्रोडक्शन की नवीनतम प्रस्तुति कॉमेडी फिल्म 'खेल खेल में' प्रदर्शन के लिए तैयार है।

मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, एमी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जयसवाल और फरदीन खान नज़र आयेंगे। ह्यूमर और इमोशन से भरपूर इस फिल्म का उद्देश्य कॉमेडी-ड्रामा शैली को फिर से परिभाषित करना है, और यह ऑडीनरी शैली से परे इमोशन की एक रोलरकोस्टर सवारी होगी। यह फिल्म 6 सितंबर को देशभर में रिलीज होगी।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

# मुद्दों का स्विच ऑफ़ है, जीतेगा वही जिसका मन साफ है

## पंकज कुमार मिश्रा, व्यंग्यकार / पत्रकार जौनपुर, यूपी

इस चुनाव मे आज वही संयोग अथवा प्रयोग हो रहा है जो अटल बिहारी वाजपेयी के समय हुआ करता था। ऐसा लगता हैं कि कोई देश का ही हिन्दू विरोधी गुट अंतराष्ट्रीय ताकतो के साथ मिलकर नही चाहता कि मोदी सरकार की वापसी हो अतः जितना अधिक हो सके उतनी कीले लोकतंत्र के मार्ग में बिछाई जा रही है। ऐसा नैरैटिव बनाने की कोशिश हो रही है कि जैसे की भाजपा ही आरक्षण ख़त्म करेंगी, भाजपा संविधान बदलेंगी, भाजपा नें जबरदस्ती कोवैक्सीन लोगो को लगवा दी, इलेकटोंरल बांड का चंदा अकेले भाजपा को ही मिला है। जबकि यह वही घोटला है जो विपक्ष नें सबसे ज्यादा किया है। सपा और कांग्रेस को भी चुनावी चंदा जमकर लूटा है ! आज कोर्ट में एलोपैथी और आयुर्वेद को लड़वा दिया गया है और दोनों के तीर सरकार की छाती पर है ! और भी बहुत छोटी छोटी बाते है जिनकी शाब्दिक व्याख्या नही की जा सकती पर अंतराष्ट्रीय ताकते बहुत बैचैन लग रही है ! इतना ज्यादा बाहरी दखल है कि उतना मैंने कभी नही देखा, एक बार जब मायावती मुख्यमंत्री के तौर पर 5 साल पूरे करके चुनाव में गई थी तब भी महसूस हुआ था कि शायद विदेशी दखल है ! ऐसा लगता था जैसे कि अंतराष्ट्रीय ताकते नही चाहती



थी कि मायावती दोबारा उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बने ! और हुआ भी तब वही। मैं चीजो को बहुत सूक्ष्मता से देखने का अभ्यस्त हूँ इसीलिए ऐसी चीजे मेरी नजरो से बच नही पाती हैं ! लोग कह देते है कि आप सत्ता पक्ष के लिए लिखते है तो इसमें बुराई क्या है। कॉलम मेरा स्वतंत्र विचार है ना कि रिपोर्टिंग जो मै दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर करता फिरु। आप खुद सोचिये माननीय पांच साल सुरक्षित सीट से आरक्षण लेकर चुनाव लड़े फिर अगले चुनाव में वो आरक्षित ही रहें मतलब उनका सामाजिक स्तर बढ़ा, धन दौलत बढ़ा पर आरक्षण नहीं घटा !

है ना अजीब ! कब ऐसे ढकोसले नियमों से मुक्ति मिलेगी यह पूछना मेरा अधिकार है और यह मै सरकार से ही नहीं उस विपक्ष से भी पूछ रहा जो कभी सरकार में थी। एक बार एक व्यक्ति अगर आरक्षण का लाभ लेकर अपनी सामजिक स्थिति सुधार लिया तो दोबारा उसे वही लाभ क्यों या उसके आश्रित जनों को आरक्षण का अनैतिक लाभ क्यों ! हर रोज मायावती के बारे में अजीबो गरीब खुलासे हो रहे कि उन्होंने अपने भतीजे को कुर्सी सौप दी, जौनपुर में क्षत्रिय को क्षत्रिय के खिलाफ खड़ा करवा दी, हालाँकि समाजवादी पार्टी भी पहले चुनाव मुलायम सिंह यादव के नाम पर लड़ रही थी पर अखबारों में अखिलेश यादव को उभरता हुआ नेता देश के लिए संभावना आदि आदि बताया गया आज अखिलेश यादव राजनीति में केवल वंशवाद का नाम है ! उस समय देश राजनैतिक रूप से इतना शिक्षित नही था अतः समझ नहीं पाया कि क्या हो रहा है पर मुझे जो बात उस समय अखर रही थी आज सच लगती है, कोई अंतराष्ट्रीय ताकत नही चाहती थी कि आरक्षण पर पुनर्विचार हो, हिंदुत्व के काम पर कोई बात हो ! अच्छी बात यह है कि इन बेचैन अंतराष्ट्रीय ताकतो से ना अटल बिहारी वाजपेयी जी लड़ पाए थे और न ही मायावती पर मोदी शाह न केवल लड़ रहे हैं बल्कि इनको कदम कदम पर मात दे रहे है। चुनाव में कोई बड़ा उलट फेर न भी हो तो भी ये लोग मोदी जी की अंतराष्ट्रीय साख पर बट्टा नहीं लगा पाएंगे। इस सारी अफरा तफरी के बीच हिंदू वोटर वोट करने के लिए घर से बाहर ही नहीं निकल रहा है यह दु:खद विडंबना है ! एक दिन सर्जिकल स्ट्राइक पर नाच लिए, एक दिन धारा 370 पर और 2-4 दिन राम मन्दिर पर नाच लिए और एक जागरूक भारतीय होने का हमारा कर्तव्य पूरा हो गया? हिंदू समाज एक ऐसा संवेदनाविहीन और उदासीन समाज बनने की ओर अग्रसर है जहाँ बेटियां काटी जा रही हैं नोची जा रही हैं पर कोई फर्क नही पड़ता, इस्लामिक शक्तिया देश निगलने पर आमादा हैं पर कोई फर्क नही पड़ता, हिंदू समाज पर कोई आंच आये तो कोई फर्क नही पड़ता।


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - सम्पादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# विकलांग एसोसिएशन ने आयोजित किया विवाह पंजीकरण शिविर




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। विकलांग एसोसिएशन ने दिव्यांग व्यक्तियों का विवाह पंजीकरण शिविर शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया में आयोजित किया। जिसमें 19 दिव्यांग व्यक्तियों ने अपना आवेदन किया। एसोसिएशन ने घर बसाओ-पुण्य कमाओ कन्यादान योजना में शामिल होने के लिये लोगों से अपील किया।सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले व्यक्तियों को सरकार की विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ विकलांग एसोसिएशन दिलायेगी। जिसके तहत शारीरिक रूप से स्वस्थ लड़के विकलांग लड़की से विवाह करेंगें तो उन्हें पुरस्कार के रूप में 20 हजार, शारीरिक रूप से स्वस्थ लड़की विकलांग लड़के से विवाह करेंगी तो उन्हें 15 हजार व दोनों के विकलांग होने पर 35 हजार मिलेगा। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया की गरीब व अनाथ विकलांग लड़कियों के विवाह के लिये एसोसिएशन ने घर बसाओ-पुण्य कमाओ कन्यादान योजना शुरू की है। जिसके तहत विवाह का सारा खर्च विकलांग एसोसिएशन वहन करेगी। ऐसे व्यक्तियों को कन्यादान योजना में शामिल किया जायेगा जिनके पुत्री नहीं है और वो कन्यादान करने के इच्छुक हों। इसके लिए उन्हें लिखित सहमति देनी होगी।

वीरेन्द्र कुमार ने बताया की शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया में प्रतिदिन प्रात: 9:00 बजे से 11:00 बजे तक सामूहिक विवाह के लिये आवेदन प्राप्त किये जा सकते हैं। विवाह पंजीकरण शिविर में अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, गौरव कुमार, वैभव दीक्षित, गुड्डी दीक्षित, अशोक कुमार, अरविन्द सिंह आदि शामिल थे।

# नागरिक सुरक्षा कलेक्टर गंज प्रखंड द्वारा संकल्पित रक्तदान किया गया, मतदान जरूर करें इसकी भी दिलाई गई शपथ




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नागरिक सुरक्षा प्रखंड कलक्टरगंज द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 मे मतदान जागरूकता हेतु उर्सेला ब्लड बैंक मे वार्डनो द्वारा रक्तदान किया गयाज जैसे ज़िन्दगी के लिए रक्त आवश्यक होता है उसे तरह मज़बूत लोकतंत्र के निर्माण हेतु मतदान आवश्यक होता है, इस संकल्प के साथ भड़ चढ़ कर वार्डनो द्वारा रक्तदान करा गया.. मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी माज़ डॉ राजेश कुमार द्वारा मतदान संकल्प सभी को कराया गया और उक्त कार्यक्रम की प्रशंसा करी गई। उक्त कार्यकरम् मे नागरिक सुरक्षा के चीफ वार्डन रोहित मल्होत्रा, एडीसी नीरज चक, डिविजनल वार्डन अंकित पांडे, डिप्टी डिविजनल संजय तिवारी ढ्ढह्रह्र सुशील विजय गुप्ता पोस्ट वार्डन नरेंद्र सिंह अनूप बाजपेई गौरव अग्रवाल रेवती गुप्ता संजय सविता अंकुर मिश्रा राघवेंद्र गुप्ता, इशांत शर्मा आनंद तिवारी कालीचरण जायसवाल आनंद मोहन तिवारी राम गुप्ता विशाल गुप्ता सुजल गुप्ता अर्चना राजपूत, जितेंद्र तिवारी, खुशबू अनुराधा दीक्षित सुनीता , सुषमा गुप्ता अन्य कई वार्डन मौजूद रहे।

# अधेड़ की गला दबा कर हत्या, बेटे ने किया घटना का इकबाल

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। थाना महराजपुर सूचना प्राप्त हुई की राजू पुत्र धनपाल कुरील उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी लक्ष्निया पुरवा थाना महाराजपुर जो अपने घर से लगभग 50 मीटर दूर पीछे बाबुल के पेड़ के पास मृत अवस्था में मिले हुए थे। जिस पर मौके पर जांच के क्रम में परिजनों से गहराई से पूछताछ की गई तो मृतक राजेंद्र उम्र 52 वर्ष शराब पीने का आदी था। कल शाम को मृतक राजेंद्र व उसके छोटे पुत्र अरुण उम्र 20 वर्ष के मध्य घर पर ही खाने को लेकर मारपीट हुई जिसमें अरुण द्वारा गला दबाकर हत्या कर दी गयी और बॉडी को घर के पीछे खाली जगह पर डाल दिया गया। सख्ती से परिजनों से पूछताछ की गई तो मृतक के पुत्र अरुण द्वारा घटना का इकबाल किया गया है शव को पीएम हेतु भेजा जा चुका है, मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# असलहा लिये सपा नेता के डांस का वीडियो वायरल, पुलिस कमिश्नर ने दिए कार्यवाई के निर्देश



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।सपा नेता का एक वीडियों, जिसमें वह तथा उनके सार्थी असलहों को लहराकर डांस करते नजर आ रहे है, तेजी के साथ सोशल मीडिया में वायरल हो गया तथा इसमें तत्काल पुलिस कमिश्नर कानपुर द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यवाई करने के निर्देश दिऐ गये।जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी के हिस्ट्रीसीटर नेता पिंटू ठाकुर तथा पांच अन्य लोगों का एक विडियों में सभी असलाहा हाथों में लेकर डांस करते नजर आ रहे है, तेजी के साथ सोशन मीडिया में वायरल हो गया है।सभी उपस्थित जन फिल्मी गीत की धुन पर थिरकते नजर आ रहे है। वायरल वीडियों को पुलिस कमिश्नर कानपुर अखिल कुमार द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यवाई करने के निर्देश दिये गये है। वायरल वीडियों में सपा नेता पिंटू ठाकुर के अलावा कलेक्टरगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर ज्ञानू बाजपेई, पूती चंदेल तथा अन्य लोग नजर आ रहे है। पुलिस पडताल कर रही है कि वीडियों कब और कहा की है।

# सड़क किनारे खडे पानी टैंकर से भिडी रोडवेज बस, कई यात्री घायल

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। कानपुर के बिल्हौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक पानी का टैंकर सडक के किनारे खडा हुआ था, जिससे कानपुर की ओर से आ रही तेज रफतान रोडवेज बस टकरा गयी, जिससे बस में बैठे यात्री घायल हो गये। हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए सीएससी बिल्हौर भेजा गया तथा क्षत्रिग्रस्त बस को थाने में जाया गया।जानकारी के अनुसाथ थाना बिल्हौर क्षेत्र में गुरूवार की सुबह लगभग 11 बजे टेंकर पीएनसी कंपनी यूपी 83बीटी 798 जो सडक किनारे डिवाइडर के पास खडा था, कानपुर से आ रही रोडवेज बस नम्बर यूपी 30टी 6885 टैंकर से टकरा गयी, जिससे बस में सवाल लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गऐ। मौके पर पहुंची पुलिस तथा क्षेत्रीय लोगों द्वारा घायलो को सीएससी बिल्हौर इलाज के लिए भेजा गया जबकि कुछ यात्रियों को अपने अपने गंतव्य तक भेजने का प्रबन्ध किया गया। क्षत्रिग्रस्त बस को थाने ले जाया गया।

# कनपुरिया टैलेंट से अभिभूत हुए बॉलीवुड एक्टर मुस्ताक खान



**आलोक ठाकुर**

कानपुर। दीप होटल गोविंद नगर में पी एफ सी फिल्म्स द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में बॉलीवुड के नामचीन एक्टर मुस्ताक खान ने शिरकत की। कनपुरिया टैलेंट को देखकर वह अभिभूत हो गए।मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कानपुर के ऊपर बनी कई फिल्में देख कर मैं भी कानपुर के नाम से प्रभावित था लेकिन श्री प्रमोद गुप्ता की कृपा से मुझे यहां आने का मौका मिला जिसके लिए मैं उनका शुक्रगुजार हूं।अगर उनके द्वारा मुझे यह अवसर न प्राप्त होता तो मैं कनपुरिया टैलेंट से महरूम रह जाता। यहां के कलाकारों में बहुत ऊर्जा है और इसीलिए यहा राजू श्रीवास्तव जैसे कलाकार पैदा हुए है जिन्हीने पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया है।

प्रोग्राम के मुख्य अतिथि अरविंद सिंह, दीप्ति सिंह, अमित मिश्रा, मो. अरशद अंसारी, पी एफ सी फिल्म्स के डायरेक्टर/प्रोड्यूसर प्रमोद गुप्ता कोप- प्रड्यूसर नीरज और बॉलीवुड एक्टर मुस्ताक खान जी ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुस्ताक खान जी ने बताया की पी एफ सी फिल्म्स ने प्रोडक्शन हाउस ने रियलिटी टीवी शो धमाल इंडिया डांस सुपर मॉम डांस के दीवाने कई सारे शो किया और चार सहर चलते हैं लव जिहाद रक्षक कई मूवीस एमएक्स प्लेयर हंगामा ओ टीटी पर रिलीज हो चुकी है हमेशा नई प्रतिभाओं को अपनी फिल्मों में मौका प्रदान किया है और उनके वहा से निकले कलाकार बॉलीवुड में अपनी पहचान बना रहे है। इस अवसर पर निधि गुप्ता वेद प्रकाश सुधीर तिवारी जय अवस्थी, कृति त्रिपाठी बबिता सिंह, अमित सिंह, एडिटेटर आदित्य निगम , डायरेक्टर अनुज तिवारी श्याम गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

# बिठूर है कानपुर का कोहिनूर, दिल में बसा है: मीनाक्षी लेखी



**आलोक ठाकुर**

कानपुर। केंद्रीय मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी ने कानपुर के गौरव बिठूर की धरती को नमन करके कहा कि ये वीरों की धरती है। इसका दर्शन पाने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुवा है।शनिवार को महिला सम्मेलन में आईं मीनाक्षी लेखी ने होटल मंदाकिनी में सबसे पहले उद्योगपतियों से मुलाकात की, इसके बाद महिला सम्मेलन को संबोधित किया। प्रेस वार्ता के बाद उन्होंने भाजपा नेता एडवोकेट मनोज सिंह से बिठूर घूमने की इच्छा जताई।

मनोज सिंह उनको लेकर बिठूर गए तो उन्होंने बताया कि उन्हें हिस्ट्री में बहुत दिलचस्पी है। किताबो में बिठूर की वीर गाथा पढ़ी थी, आज देखने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने ध्रुव टीला देखने की इच्छा जताई और वहां जाकर इतिहास में खो गईं। इसके बाद ब्रह्मा खूंटी गईं और नमन किया। वहां गंगा दर्शन कर मां गंगा की स्तुति की। इसके बाद नानाराव पेशवा का किला देखा। इस दौरान वह बिठूर के पौराणिक कथाओं, ऐतिहासिक महत्व और स्वतंत्रता आंदोलन में महत्व की चर्चा करती रहीं। कहा कि बहुत सालों से बिठूर दर्शन की इच्छा थी जो पूरी हो गई।

# जलकल कार्यालय में पांच सौ महिलाओं के साथ पार्षद करेंगी प्रदर्शन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जूही गढ़ा शहीद पार्क में होने वाले ट्यूबवेल रिबोर के लिए सड़क नीचे करने की नगर निगम से अनुमति मिलने के बाद भी जलकल कार्य नहीं कर रहा है। इस संबंध में पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने बताया कि लगभग सात माह पूर्व 15वें वित्त से जूही गढ़ा शहीद पार्क में ट्यूबवेल रिवोर की धनराशि महापौर जी से मिलकर स्वीकृत कराई थी।

पार्षद ने बताया कि उसके बाद शहीद पार्क के जाने वाले रास्ते के ऊंचा हो जाने के चलते ट्यूबवेल रिवोर करने वाली मशीन अंदर नहीं जा पा रही थी जिसके लिए जलकल विभाग ने नगर निगम से सड़क नीचे करने की अनुमति मांगी थी और इस संदर्भ में जूही की भीषण पेयजल संकट का हवाला देकर 23 अप्रैल को नगर निगम जोन 3 के अधिशासी अभियंता श्री नानक चंद से मिलकर जलकल को सड़क नीचे करने के कार्य करने की अनुमति की मांग की थी

क्योंकि जूही में अधिकांश जगहों पर हैंडपंप में जहरीला क्रोमियम युक्त पानी आता है इसलिए जूही की 5000 आबादी के शुद्ध पेयजल का यही एकमात्र साधन है समस्या को समझते हुए नगर निगम के अधिशासी अभियंता ने अनुमति दे दी किंतु उसके बाद भी जलकल ने कार्य नहीं शुरू किया कार्य है। पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने कहा कि कल जुही क्षेत्र की पांच सौ महिलाओं को ले जाकर कपड़े धोने, बच्चों को नहलाना जैसे सारे पानी के काम जोन 3 जलकल कार्यालय में करुंगी।

# श्रमिक दिवस की पूर्व संध्या पर तीन कैदियों को किया गया जिला जेल से रिहा




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। श्रमिक दिवस की पूर्व संध्या पर जुर्माने की सजा काट रहे 3 बन्दियों को जुर्माना जमाकर स्वयंसेवी संस्था द्वारा रिहा कराया गया। यह बन्दी जिला कारागार कानपुर में अपनी मूल सजा पुरी करने के बाद जुर्माने के व्यतिक्रम की सजा काट रहे थे।

श्रमिक दिवस की पूर्व संध्या पर स्वयं सेवी संस्था अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति द्वारा तीन जुर्माने के व्यतिक्रम की सजा काट रहे सिद्धदोष बंदियों को जुर्माना जमाकर रिहा कराया गया। इस सम्बन्ध में जेल अधीक्षक डा0 बीडी पाण्डेय द्वारा बताया गया कि बंदी शिवम पुत्र जयराम निवासी महमदपुर, घाटमपुर, सर्वजीत सिंह पुत्र जसवीर सिंह निवासी बर्रा-8 तथा अमन उर्फ अर्सलान पुत्र सलाम निवासी अंगूठी वाला चौराहा ग्वालटोली को कारागार में अर्थदण्ड जमाकाकर रिहा किया गया। इन सभी की सजा पूरी हो चुकी थी और यह अर्थदण्ड के बदले सजा काट रहे थे। संस्था के आशुतोष बाजर्पे, योगश बाजपेई तथा अंकुश अग्रवाल द्वारा इन दोषिया के अर्थदण्ड की राशि जमा कराई गयी।

# घाटमपुर में पुलिस को चुनौती, लाखों की चोरी






**घाटमपुर कोतवाली के परास गांव में ईट भट्ठा मालिक के घर में घुसे बदमाश**

**सूचना के बाद जांच में जुटी पुलिस, कोई सुराग नहीं लगा**

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । कमिश्नरेट पुलिस की सक्रियता के बावजूद बेखौफ चोर चोरी की घटना को अंजाम देने से चूक नही रहे है। ऐसा ही एक मामला घाटमपुर कोतवाली के परास गांव में देखने को मिला ।जहां बेखौफ चोर एक भट्ठा मालिक के घर को निशाना बनाते हुए लाखो की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए ।मामले की जानकारी होते ही परिजनों के पैरो तले जमीन खिसक गई ।परिजनों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी ।जहां मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक वैभव तिवारी परास गांव के रहने वाले भट्ठा मालिक हैं। पीड़ित के अनुसार देर रात घर पर उनकी दादी और बहन वर्षा घर के अंदर बने कमरे में लेटे थे, घर के बाहर बने कमरे में वैभव और बाहर बने बरामदे में बाबा राजेश तिवारी लेटे हुए थे। देर रात घर में छत के रास्ते जीने से घुसे चोरों ने कमरे के अंदर रखी अलमारी का गेट तोड़कर उसमें रखे लगभग आठ लाख रुपए की नगदी समेत तीन सोने की चैन, बारह अंगूठी, तीन हार, तीन जोड़ी कान के झाले, लगभग दो किलो चांदी के जेवर व सिक्के समेत लाखो के जेवरात पार कर लगभग पैंतीस लाख की चोरी की घटना को अंजाम दे डाला ।वही सुबह जब परिजन जागे तो उन्होंने कमरे का दरवाजा खुला देखा,जिसको देख परिजनों के पैरो तले जमीन खिसक गई ।वही परिजनो ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के साथ डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम को जांच पड़ताल करने के लिए बुलाया है। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी, फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल कराई जा रही है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

## चोरों की धमाचौकड़ी, सात घरों से किया लाखों का माल पार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । कानपुर के दक्षिण क्षेत्र में लागतार चोरो का जहां आतंक छाया हुआ है तो पुलिस पूरी तरह से इन चोरो पर लगाम लगाने में फेल हो चुकी है। पुलिस का हर प्रयास नाकाफी सा नजर आ रहा है। पुलिस को ढेंगा दिखाते हुए कानपुर के दक्षिण क्षेत्र में मंगलवार की देर रात चोरो ने 7 घरों को अपना निशाना बनाया और लाखों का माल पार कर दिया गया। एक घरमें गृहस्वामी की आंख खुलने पर चोर को दबोच लिया गया ।कानपुर के दक्षिण क्षेत्र मे लगातार चोरो का कहर जारी है। मंगलवार की रात में चोरो द्वारा सात घरों को निशाना बनाया गया। कमलेश का कहना है कि उनकी बेटी की शादी होने वाली है और उसके लिए कपडे, नकदी और जेवरी रखे हुए थे। इसी प्रकार चोरो ने खेतु पांडेय तथा सूरज के घर से मोबाइल, राम प्रकाश यादव के यहां से नकदी व मोबाइल चोरी कर लिया लेकिन इस बीच राम प्रकार की आंख खुल जाने तथा उनके शोर मचाने के कारण चोरो ने भागने का प्रयास किया, जिसमें एक को मोहल्ले के लोगों ने पकड लिया वह मोहल्ले का ही रहने वाला बताया जाता है। गोविंद नगर दरोगा द्वारा बताया गया कि चोर और ऑटो को कब्जे में लेकर पूंछतांछ की जा रही है। ऑटी जो चोर लेकर घूम रहा था वह रनिया से चोरी किया गया था।



## चलती कार में तकनीकी गड़बड़ी से लगी आग, धू-धू कर जली



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शनिवार की रात चलती कार में आग लग गई। घटना के समय कार में बैठे 4 लोगों ने कूदकर जान बचाई। आग की लपट देख लोग भागने लगे। रोड पर तकरीबन आधे घंटे तक जाम लगा रहा। सूचना के बाद मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया। कार में बैठे लोगों का कहना है कि मोबाइल कार में ही छूट गए। जिससे कार के साथ मोबाइल भी जल गया। घटना ग्वालटोली थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड की है ।यहां एल्गिन मिल के पास शनिवार देर रात कार में आग लग गई। कार से चार लोग सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान कार से धुआं निकालने लगा और कार के आगे के हिस्से की तरफ से आग की लपट उठने लगी।

कार सवार नफीस ने बताया कि वह कार लेकर जा रहे थे तभी धुआं और आग दिखाई दी। जिसके बाद कार में सवार चारों लोग कूदकर निकल गए। कार उनके सामने ही आग में धू-धूकर जलने लगी। फायरब्रिगेड को सूचना दी गई। इसके बाद दमकल की गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि वीआईपी रोड से जा रही सीएनजी कार तभी आग लग गई। तकनीकी कारण से अंदर स्पार्किंग हुई। जिससे कार में आग लई। कार में चार लोग सवार थे। कार से निकलकर उन्होंने जान बचाई, उनके मोबाइल कार में रह गए और वह भी जलकर राख हो गए। कर्नलगंज फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ी पहुंची और 20 से 25 मिनट में कार में लगी आग को बुझा दिया। लेकिन कार पूरी तरह से जल गई।

# काली बने बच्चे की चाकू से वार, एक किशोर की मौत

**बाल कलाकारों द्वारा मां काली की निकाली जा रही थी झांकी, भूत बने बच्चे पर रखी थी चाकू**

**चाकू चलने से भूत बना बच्चा गंभीर रूप से हुआ घायल, उपचार के दौरान हुई मौत**

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। भागवत कथा के अंतर्गत बाल कलाकारों द्वारा निकाली जा रही झांकी में माता काली के स्वरूप से सजे एक बच्चों ने एक अन्य किशोर बच्चा, जो कि भूत बना था, उसकी गर्दन पर चाकू रख दी। झटका लगने के साथ ही तेज धार चाकू भूत बने किशोर के गर्दन पर चल गयी और वह जख्मी हो गया, जिसे इलाज के लिए तत्कालसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां किशोर की मौत हो गयी।प्राप्त जानकारी के



अनुसाथा कानपुर के बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के बभियांपुर गांव में भागवत कथा का कार्यक्रम चल रहा था। बुधवार को कार्यक्रम के अंतर्गत झांकी निकाली जा रही थी, जिसमें एक बच्चा काली के रूप में था तथा चार अन्य बच्चे भूत की वेश-भूषा में थे। बताया जाता है कि काली बने बच्चे के हाथ में चाकू थी और उसने भूत बने बच्चे के गर्दन पर चाकू रखी हुई थी, कि झटका लगने के कारण चाकू किशोर के गर्दन पर चल गयी और किशोर गंभीर रूप में घायल हो गया। हादसे के बाद तत्काल घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सारी घटना धोखे से हुई लेकिन इसमें आयोजकों की बडी लापरवाही सामने आई। झांकी में सुसज्जित बच्चे के हाथ में असली चाकू नही देनी चाहिए थी। फिलहाल सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस से जहां बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तो वहीं मृतक किशोर शिवम उर्फ सनी के पिता बबलू की तहरीर के आधार पर एक नाबालिग तथा आयोजनकर्ता पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाई की जा रही है। एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी का कहना है कि सारी घटना लापरवाही के कारण हुई है। उन्हे मृतक के परिजनों द्वारा तहरीर मिली है, मामला पंजीकृत कर लिया गया है और कार्यवाई की जा रही है।

# प्रधानमंत्री के रोड शो के बाद गुमटी बाजार फिर हुआ बदहाल

**ठेले, खोमचे की सड़क पर फिर सजी दुकान, बीच सड़क वाहनों की लगी कतार**

कानपुर। चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात की कहावत कानुपर शहर के गुमटी इलाके पर बिल्कुल सटीक बैठती है। ,लेकिन अगर ज्यादा करीब से देखा जाए तो एक दिन की चांदनी फिर सालो का अंधेरा ऐसा कहना कोई गलत नही होगा। प्रधानमंत्री के 4 मई के रोड को लेकर लेकर जिस तरह से जिला और पुलिस प्रशासन ने दिन रात एक करके उसे चमका दिया था, ठीक अगले दिन उसकी दशा फिर जस की तस हो गई जैसे पूर्व में थी।

आपको बता दे कि अगामी 13 मई, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रत्याशियों के समर्थन में कानपुर के गुमटी क्षेत्र में रोड शो करने पहुंचे थे, जिसे लेकर कई दिनो से पुलिस और जिला प्रशासन सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरूस्त करने में लगा हुआ था

। गुमटी बाजार में न तो कोई कूडा दिखाई दे रहा था और न ही दुकानो का सडक पर होना सभी को पूर्ण रूप से व्यवस्थित कर दिया गया था। रोड शो को लेकर ऐसा लग रहा था मानो यह वही कानपुर का गुमटी बाजार है जहां सडक के बीचो बीच वाहनो की



कतार लगी रहती है और दुकाने सडक से बाहर तक लग रहती थी, जोकि पूरी तरह से साफ और सुन्दर दिखाई पड रहा था, लेकिन रोड शो के खत्म होने के बाद गुमटी फिर से अपनी वही पुरानी दशा में तबदील हो गया।

गुमटी बाजार की सडक के बीचो बीच वाहनो की कतार और ठेले खोमचे वालो की सडको पर फिर सजी दुकाने सज गई। बाजार का फिर से बदला वही स्वरूप इस बात का प्रमाण है कि वीआईपी मूवमेंट होने पर जिला प्रशासन दशा और दिशा को तत्कालीन रूप से बदला जा सकता है ,लेकिन काम खत्म होने के बाद जिला और पुलिस प्रशासन को कोई भी परवाह नही होती है कि आमजनमानस को क्या असुविधाएं होगी।

**नगर निगम ने हटाई बेरीकेटिंग, उठाया कूडा**

प्रधाानमंत्री के रोड शो होने के बाद नगर निगम ने देर रात से बेरिकेटिंग और कूडा उठान का काम शुरू कर दिया और गुमटी बाजार पहले जैसा हो गया। खुदाई से लेकर वाहनो की कतार और ठेले खोमचे वालो का फिर से बोलबाला हो गया। न तो कोई पुलिस कर्मी बाजार में दिखाई पडा और न ही जिला प्रशासन स्तर का कोई अधिकारी।

## चंद्रशेखर कृषक समिति की मासिक बैठक 6 मई को

कानपुर। । सीएसए के प्रसार निदेशालय के सभागार में चंद्रशेखर कृषक समिति की बैठक प्रत्येक माह की 5 तारीख को संपन्न होती है। कृषक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सिंह ने बताया कि 5 मई को रविवार के दृष्टिगत उक्त समिति की बैठक 6 मई को दिन सोमवार को प्रात: 11ः00 बजे से प्रसार निदेशालय के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में प्रारंभ होगी। ज्ञातव्य हो कि इस समिति की बैठक में प्रदेश के कई जनपदों से प्रगतिशील किसान प्रतिभाग करते हैं। जिसमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को नवीनतम खेती-बाड़ी एवं पशुपालन की जानकारियां दी जाती हैं। जगदीश सिंह ने सभी सम्मानित कृषक समिति के सदस्यों से अपील की है कि वह 6 मई को प्रात: 11ः00 बजे सभागार में उपस्थित हों ताकि समय से बैठक प्रारंभ हो सके।

## एडीजी जोन ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

कानपुर। प्रधानमंत्री, भारत सरकार व मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के जनपद इटावा आगमन से पूर्व आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर द्वारा कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, पार्किंग स्थल, आदि का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं ड्यिूटी में तैनात अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



## सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन चालक ने मारी टक्कर, मौत

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। चौबेपुर में हाईवे पर सड़क पार कर रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई सूचना। मौके पर पहुंची पुलिस शव की पहचान कराने में जुटी। चौबेपुर थाना क्षेत्र में रामा मेडिकल कॉलेज के निकट कानपुर अलीगढ़ हाईवे पर शनिवार रात सड़क पार कर रहे व्यक्ति को वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की वह झाड़ियां में उछल कर जा गिरा। अस्पताल के कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को मूर्च्छित हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सड़क पर पड़े व्यक्ति के पास कोई पहचान पत्र या मोबाइल आदि न मिलने से उसकी पुलिस कितना प्रयासों की बाद भी मौके पर पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक व्यक्ति की मौके पर पहचान नहीं की जा सकी। उसकी पहचान कराने के लिए उसका हुलिया, पहने हुए कपड़े आदि के संबंध में आसपास के थाना क्षेत्र में जानकारी भेजी गई है और शव को पोस्टमॉर्टम हाउस भेजा गया है।

# तुमको अभिवादन करना है अवस्थी जी...



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में कानपुर प्रत्याशी रमेश अवस्थी को झिडककर दी नसीहत
- मोदी बोले, तुम चुनाव लड़ रहे हो नमस्कार और अभिवादन तुम करो
- 13 सेकंड की एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर हो रही खूब वायरल

**बीपीएस न्यूज**

**कानपुर।** देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो शनिवार को कानपुर के गुमटी गुरूद्वारे से लेकर संतनगर चैराहे तक आयोजित किया गया।

गुरूद्वारे में मत्था टेकने के बाद मोदी एक खुली जीप में सवार हुए उनके साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कानपुर प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर लोकसभा के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले भी खडे हो जाते हैं।काफिला जैसे ही क्रासिंग पार करता है कि बीजेपी कार्यकर्ताओं का हुजूम हिलारे लेता है और मोदी, मोदी...जय श्री राम के उदघोष के साथ माहौल जोशीला हो गया। जनता अभिवादन कर रही थी और मोदी हाथ में कमल का निशाना हिलाकर सबकी ओर आहलित होकर देखते जा रहे थे।रमेश अवस्थी भी मोदी के आगे कमल का चिन्ह लेकर हिला रहे थे।इसी बीच एक घटनाक्रम हुआ, रमेश अवस्थी का हाथ हाथ बार मोदी के चेहरे के सामने जा रहा था, इसपर मोदी ने झिडक दिया,,,कहा कि तुम प्रत्याशी हो, तुम्हे ही जनता का अभिवादन, नमस्कार करना है।इसके बाद रमेश अवस्थी बेरीकेडिंग की ओर खडी जनता की ओर नमस्कार करने लगे।

उनके करीब 13 सेकंड की वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।इसपर तरह तरह की चर्चा करते दिखे।वहीं, जनता का अपार समर्थन और जोश देखकर मोदी पूरी तरह से गदगददिखे।लोग अपने घरों की छतों, छज्जों पर लटके नजर आए।चकेरी एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल 17 किमी तक सिर्फ मोदी की एक झलक देखने वाले घंटों इंतजार करते नजर आए।यह प्रधानमंत्री की लोकप्रियता का आलम ही है।विपक्ष के लोग भले ही मोदी पर तमाम कमेंट करते हों लेकिन जनता का रूझान अभी भी मोदी-मोदी दिख रहा है।यह बात उनको समझनी होगी।

## अकबरपुर विधानसभा से 5 हजार से अधिक कार्यकर्ता पहुंचे

कानपुर देहात की अकबरपुर विधान सभा से कार्यकर्ताओं और नेताओं की भारी भीड़ पहुंची।विधानसभा प्रभारी डा सतीश शुक्ला ने बताया कि 64 बसें लगाई गई थी और 200 फोर व्हीलर से कार्यकर्ता पहुंचे।इस दौरान मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा और जगदीपेंद्र उर्फ कन्हैया कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





## मोदी के स्वागत में बिछा सिंधी समाज



सिंधी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अंशवानी के नेतृत्व में सिंधी समाज के हजारों लोग पहुंचे

**बीपीएस न्यूज**

**कानपुर।** सिंधी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा नेता अशोक अंशवानी के नेतृत्व में सिंधी समाज के ब्लॉक में हजारों की संख्या में कानपुर नगर का सिंधी समुदाय पूरे जोश के साथ भगवान झूलेलाल जी का उद्घोष करते हुए आयो लाल झूलेलाल पर ढोकला नृत्य करते हुए मोदी जी का योगी जी के साथ प्रत्याशियों का फूलों की वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया ।मोदी ने भी सिंधी समाज के ब्लॉक पर सिंधियों का जोश देखकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस अभिवादन समारोह में प्रमुख रूप से भगवान दास शिवानी,विधि राजपाल,प्रतिभा भगत,अशोक मगनानी,जगदीश तीर्थनी,इशांत गुलजानी,दिलीप अंशवानी,अतुल अंशवानी,राजा पाकरानी,सुरेश डाबरनी,नरेश भक्तानी,दिलीप बलेचा,खूबचंद केसवानी,दिलीप वाधवा,इंदर कुमार पमनानी,अश्विनी सराफ,राजकुमार कुकरेजा,मनीष गोकलानी,लक्ष्मण आडवाणी,सुदामा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मोदी के स्वागत में उमड़ा भारी जनसैलाब

### बैंड लेकर पहुंचे लाजपत नगर मंडल के पदाधिकारी



**कानपुर।** मोदी के रोड शो में भारी जन सैलाब पहुंचा। कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह देखा गया। लाजपत नगर मण्डल अध्यक्ष वात्सेय त्रिपाठी, राघवेन्द्र मिश्र पूर्व पार्षद,महिला मोर्चा की नेता नीरा मिश्रा,आनंद मिश्रा,विक्रम पंडित, श्रीकांत मिश्रा,जय तिवारी, नीरज बाजपेई पार्षद,नीरज रक्सैल पार्षद,राधा पाण्डेय पूर्व पार्षद,अजय चौरसिया,पुनीत समतानी,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सर पर पगड़ी लगाकर बैंड बाजे की थाप पर मरियम पुर चौराहे से जलूस बनाकर नाचते गाते मोदी जी के रोड शो में शामिल हुए।

## कानपुर में 'हाथ' को नहीं मिल रहा 'साथ'

- कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा के चुनाव में कार्यकर्ताओं के कमी
- यूपी में वेंटीलेटर पर कांग्रेस को इस बार भी आक्सीजन मिलना मुश्किल

**कानपुर।** यूपी में वेंटीलेटर पर सांसे भर रही कांग्रेस को आक्सीजन मिलना फिलहाल मुश्किल लग रहा है। सपा सहित अन्य दलों से गठबंधन करके उतारे गए प्रत्याशी भी कमाल नहीं कर पा रहे हैं। चौथे चरण के तहत 13 मई को करीब एक दर्जन से अधिक सीटों पर वोटिंग होनी है लेकिन चुनाव प्रचार ठंडा पडा हुआ है। कानपुर बुंदेलखंड का अहम प्वाइंट कानपुर में कांग्रेस प्रत्याशी प्रचार प्रसार नहीं कर पा रहे हैं।अब तो लोग कह रहे हैं कि कानपुर में 'हाथ' को किसी का 'साथ' नहीं मिल रहा है।

कानपुर गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा डीपीएस स्कूल के संचालक हैं। वह पूरी ताकत के साथ जनसपंर्क में हैं लेकिन जनता से रेसपांस नहीं मिल पा रहा है।हालात यह हैं कि उनको प्रचार के लिए जोशीले कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की दरकार है। कांग्रेस के पुराने दिग्गज नदारत हैं।कुछ कांग्रेस के पदाधिकारी लालच वश जुडे हुए हैं।उनको जीत हार से कोई मतलब नहीं है लेकिन रस्म अदायगी तक सीमित हैं।

कानपुर महानगर में 110 वार्ड हैं। इसमें करीब 80 से अधिक कानपुर लोकसभा में आते हैं। बीते नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन सबसे खराब रहा था, कई कांग्रेस के दिग्गज पार्षद तक चुनाव हार गए। इसके बाद कांग्रेस की हालत और खस्ताहाल हो चुकी है। रही बची कसर दक्षिण कानपुर के बडे नेता अजय कपूर ने बीजेपी ज्वाइन करके पूरी कर दी। उनके साथ कई वर्तमान और पूर्व पार्षद और कांग्रेस के मजबूत पदाधिकारी व्यक्तिगत संबंधों के चलते बीजेपी में चले गए। राजनीतिक लोग बताते हैं कि कानपुर एक समय कांग्रेस का सबसे बडा गढ था।यह शहर मजदूरों का शहर भी कहा जाता है, यहां की दर्जनों मिलें देश से लेकर विदेश तक मशहूर रहीं। पूर्ववर्ती सरकारों की अनदेखी के कारण मजदूरों और कामगरों का कांग्रेस से मोह भंग होता गया।इसके बाद से लगातार कांग्रेस अपना जनाधार ढूंढ रही लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही है।

### हनुमान जी के वेश में पहुंचा कार्यकर्ता

मोदी जी रोड शो में अलग अलग रंग दिखे।इस दौरान के एक कार्यकर्ता हनुमान जी का रूप धर कर पहुंचा।फोटो और सेल्फी को लेकर होड़ लगी रही। आकर्षण का केंद्र दिखा।



# अखिलेश की जनसभा में होश खो बैठे समर्थक

## ◀◀ जोश में तोड़ डाली कुर्सियां और बेरिकेटिंग ◀◀ चेहरा दिखाने और माला पहनाने की होड़ में अनुशासन हुआ तार तार ◀◀ गत दिन कन्नौज के हंसेरन कस्बे में आयोजित हुई थी अखिलेश की जनसभा







कन्नौज। लोकसभा कन्नौज सीट से 12 साल के एक लंबे समय के अंतराल के बाद चुनावी समर में उतरे सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के समर्थकों का जोश परवान चढ़ कर बोल रहा है।कन्नौज से अपने नामांकन के बाद जिले में अपनी दूसरी चुनावी सभा में आये अखिलेश को चेहरा दिखाने की होड़ और स्वागत करने को सपा समर्थकों का जोश हाई दिखाई देने लगा है।जिले के हंसेरन कस्बे के मैदान में गत दिन आयोजित चुनावी सभा में अखिलेश के पहुंचते ही समर्थकों का जोश परवान चढ़ गया। माला पहनाने की होड़ और चेहरा दिखाने के चक्कर से लेकर अखिलेश के दीदार को समर्थकों के जोश ने सुरक्षा व्यवस्था को लगाई गई बेरिकेडिंग से लेकर कुर्सियां और चेकिंग मशीन प्वाइंट को भी डिस्टर्ब कर दिया। बताते चलें कि बीती 25 अप्रैल को नामांकन के बाद सपा मुखिया अखिलेश की कन्नौज में दूसरी जनसभा हंसेरन में आयोजित की गई थी। अखिलेश के आगमन की सूचना पर प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किये थे। उधर अपने पूर्व सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना पर क्षेत्रीय समर्थक जोश और खरोश से भर गये। अखिलेश के आगमन से पहले ही बड़ी संख्या में समर्थक जनसभा में जुट गये। समर्थकों का जोश देखते ही बनता नजर आ रहा था। कहीं लोग टेंट के ऊपर तो कहीं पेड़ों पर नजर आ रहे थे। वहीं अखिलेश के आते ही समर्थक बेकाबू हो गये। जनसभा मे जहां जमकर धक्का मुक्की देखने को मिली। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लगाई गई पुलिस की वेरिकेटिंग भाई टूट गई। कई कुर्सियां टूट गईं। यहां तक की चेकिंग प्वाइंट की मशीन को भाई छति पहुंची। पुलिस प्रशासन को जनसभा के दौरान समर्थकों को काबू में करने को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जनसभा मे कई सपाई पुलिस से झड़प करते हुये भी नजर आये। उधर अखिलेश के आगमन के बाद मंच पर भी अफरा तफरी का माहौल नजर आया। लोग एक दूसरे पर गिरते पड़ते अखिलेश के करीब पहुंचने को आतुर दिखाई दिये। आलम यह था कि, अपने नेता को करीब से देखने को समर्थक हों या नेता, हर कोई अखिलेश के सामने जाकर उनका दीदार करना चाहता था।

आखिर इस होश और खरोश में अनुशासन व्यवस्था साफ तौर पर तार तार होती नजर आई। वहीं जनसभा में अखिलेश बीजेपी पर हमलावर रहे। कोरोना वैक्सीन से लेकर बिकास के मुद्दों पर अखिलेशबीजेपी पर हमलावर रहे। चुनाव जीतने पर सरकार बनने के बाद लोगों को बेहतर गेंहू का आटा और हर माह मोबाइल डाटा भी देने का बादा अखिलेश ने जनमानस से किया। उपरोक्त संधर्व में समाजवादी यूवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हबीब हसन ने कहा कि कार्यकर्ताओं और समर्थकों में अपने नेता को देखने और दीदार करने का जोश था, किसी ने जान बूझकर कुर्सियां या अनुशासन नहीं तोड़ा।

# रूपए बांटे जाने की सूचना पर सपा नेता के होटल में छापेमारी





## ◀◀ सपा मुखिया अखिलेश यादव के करीबी माने जाते हैं होटल मालिक सपा नेता ◀◀ चंद दिनों पूर्व एक चुनावी जनसभा में टुकड़े टुकड़े वाले बयान पर चर्चा में आये थे सपा नेता ◀◀ समाज कल्याण मंत्री असीम ◀◀ अरुण के मामला संज्ञान में लेने के बाद एफआईआर भी हुई थी दर्ज

**बीपीएस न्यूज**

कन्नौज। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कन्नौज जिले की पुलिस कड़ी चौकसी बरतने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। रात हो या दिन पुलिस चुनाव में वोटरों को प्रभावित करने वाले राजनैतिक दलों के नेताओं के हथकंडों पर कड़ा पहरा रखे हुये है।

कन्नौज मुख्यालय पर तिर्वा क्रॉसिंग से मकरंद नगर जीटी रोड पर स्थित एक होटल पर बड़ी संख्या में पुलिस ने सघन छापेमारी की है। हांलाकि पुलिस को खाली हांथ ही वापस लौटना पड़ा।

बताते चलें कि, कन्नौज शहर के एक होटल में सपा के नेता रुके हुये हैं और आगामी चुनाव में वोटरों को प्रभावित करने के लिये रुपए बांटे जा रहे हैं, इस सूचना पर सीओ सदर के नेतृत्व में भारी पुलिस बल सपा नेता के होटल जा पहुंचा।

बताते चलें कि जिस सपाई नेता के यहां छापेमारी हुई है वो अखिलेश यादव के करीबी माने जाते हैं। इसके अलावा एक चुनावी सभा में टुकड़े टुकड़े वाले बयान पर उनके खिलाफ मंत्री असीम अरूण के इन्वॉल्व होने के बाद एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। बीती रात इसी होटल में जिले के सपा नेता रुके हुये हैं और चुनाव को प्रभावित करने के लिये वोटरों को कैश बांटे जाने की तैयारी है। इसको लेकर बडी संख्या में पुलिस बल होटल पहुंच गया। पुलिस को होटल में देख यहां रुके हुये आगंतुकों से लेकर अन्य स्टाफ में हड़कंप मच गया। कुछ नेता भी नजर आये।

पुलिस ने एक एक कमरे की सघन तलाशी ली। अटैची ही या बेड के नीचे, दराज हो या पर्दे के पीछे, पुलिस ने होटल के कमरों का कोना कोना छान मारा।

इस छापेमारी के बाद भी यहां पुलिस के हांथ कुछ नहीं लगा। सीओ सदर का इस मामले में कहना था कि, रूटीन चेकिंग के कारण तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और चलाया गया।

होटल आशा गार्डेन में छापेमारी को लेकर सपाई तिलमिलाये हुये नजर आये।

सपाइयों का कहना था कि पुलिस द्वारा जानबूझ कर परेशान किया गया। सीओ सदर कमलेश कुमार और पुलिस बल की छापेमारी से होटल में मौजूद ग्राहक भी परेशान हुये हैं।

सपाइयों ने पुलिस द्वारा अपने उत्पीड़न का आरोप भी लगाया है। सपाईयों का या भी कहना था कि बीजेपी नेताओं के इशारे पर पुलिस ने उपरोक्त कार्यवाही की है। कमरों में मौजूद ग्राहकों और सपाई नेताओं को बाहर निकालने और चेकिंग करने को सपा नेता हबीब हसन ने कहा कि पुलिस को चेकिंग में कुछ हांथ नहीं लगा फिर भी जानबूझ कर परेशान किया गया।

सपाई नेताओं ने उपरोक्त मामले पर पुलिस की निंदा की है।

वहीं सीओ सदर कमलेश कुमार का कहना था कि, चुनाव को लेकर सजगता बरती जा रही है।

# गर्मी की छुट्टियों में दिया जायेगा होम वर्क

## ◀◀ घर पर पढ़ाई के लिए सरकारी शिक्षक देंगे बढ़ावा ◀◀ बेह्तर कार्य करने वाले शिक्षकों को विभागीय स्तर पर किया जाएगा प्रोत्साहित

लखनऊ/कानपुर। प्रदेश में स्कूली शिक्षा में चल रहे बदलाव के तहत परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की औसत उपस्थिति 75 फीसदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।निदेशालय ने इस लक्ष्य को पाने के लिए कार्य योजना बनाई है। वहीं यह भी कहा है कि छात्रों की अनुपस्थिति का एक कारण कुछ शिक्षकों का देर से आना या बिना सूचना के गैरहाजिर रहना भी हो सकता है। ऐसे शिक्षकों पर कार्यवाही की जाएगी। पिछले दिनों बेसिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्कूलों का भ्रमण किया था। इसमें बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं मिली थी। विभाग ने कहा है कि बच्चों के अभिभावकों से मिलकर उन्हें डीबीटी आदि योजनाओं की जानकारी दें। शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने निर्देश दिया है कि तीन दिन लगातार न आने वाले बच्चों के घर बुलावा टोली भेजी जाए। ऐसे बच्चों के स्कूल आने पर रेमेडियल कक्षाएं चलाई जाएं। वहीं विकासखंड कार्यालय व बीएसए कार्यालय में जिले में सबसे ज्यादा व सबसे कम उपस्थिति वाले 10-10 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के नाम व बच्चों की उपस्थिति का प्रतिशत हर माह लिखा जाए। इसके प्रयोग से छुट्टियों में आसानी से पठन-पाठन किया जा सकेगा। बता दें कि परिषदीय विद्यालयों में 20 मई से 15 जून तक गर्मी की छुट्टी होगी।

# पीएम मोदी करेंगे अयोध्या में रोड़ शो

अयोध्याधाम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो घंटे राम की नगरी में बिताएंगे। यहां आने के बाद रामलला के दरबार में 15 मिनट तक रहेंगे। जन्मभूमि में आराध्य के दर्शन-पूजन के बाद रोड शो शुरू करेंगे। पीएम के आगमन के मद्देजनर हवाई अड्डे से बाहर निकलने के बाद सुल्तानपुर-अयोध्या और लखनऊ-गोरखपुर हाईवे के दोनों किनारों को अयोध्या धाम तक बैरिकेडिंग से जकड़ा जा रहा है।

पीएम मोदी आज शाम 5:35 बजे सीतापुर के धौरहरा हेलीपैड से एमआई-17 हेलीकॉप्टर से चलकर 6ः40 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से शाम 6ः45 बजे सड़क मार्ग से चलकर सात बजे राम जन्मभूमि पहुंचेंगे।



# यूनियन बैंक में भड़की आग से लाखों का नुकसान

## ◀◀ कन्नौज जिले के थाना ठठिया के पट्टी गांव स्थित यूनियन बैंक का मामला ◀◀ कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू



**बीपीएस न्यूज**



कन्नौज। कन्नौज जिले की एक बैंक शाखा में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। रविवार होने के कारण बैंक बंद थी। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।तब तक बैंक में रखा लाखों के समान राख हो चुका था।जानकारी के मुताबिक जिले के थाना ठठिया के गांवों पट्टी में यूनियन बैंक की शाखा है। यहां रविवार होने के कारण बैंक बंद थी। अचानक किसी समय आग लगाने से आस पास मौजूद ग्रामीणों में हड़कंप मैच गया। पुलिस और फायर टीम को भी सूचना दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची फायर टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा पाया।आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शार्क सर्किट बताया गया है। सोमवार को बैंक खुलने के बाद ही नुकसान का सही आंकलन हो सकेगा। फिलहाल बैंक में मौजूद कैश और कागजात जले होने के मामले में लाखों का नुकसान बताया गया है। सही आंकलन सोमवार की बंक स्टॉफ द्वारा पता चल सकेगा।

### अमित शाह के फेक वीडियो मामले में पीएम मोदी ने EC से कर दी बड़ी अपील

# समाज में तनाव पैदा करने की साजिश रची जा रही



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के सतारा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह के फेक वीडियो को लेकर कार्रवाई की मांग की है। पीएम मोदी ने कहा कि फर्जी वीडियो के जरिए समाज में तनाव पैदा करने की साजिश रची जा रही है। देश में लोकतंत्र, शांति और सद्भाव के लिए मैं देश के लोगों से आग्रह करूंगा कि वे फर्जी वीडियो और तस्वीरों को उजागर करें और पुलिस को रिपोर्ट करें। हमारा सामाजिक न्याय का तरीका समाज में विभेद करने का नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने का है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने चुनाव आयोग से अपील करते हुए कहा कि समाज को फर्जी वीडियो से बचाना हमारी जिम्मेदारी, ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार का रवैया गरीबों को लेकर क्या होता था, इसका अंदाजा आप उनकी नीतियों से लगा सकते हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी, तब हजारों टन अनाज सरकार के गोदामों में सड़ता था। कांग्रेस सरकार उसे गरीबों को देने को तैयार नहीं थी। मना कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कांग्रेस सरकार अनाज गरीबों में बांटे।

क्या है पूरा मामला

भाजपा ने पहले आरोप लगाया था कि तेलंगाना में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह का एक एडिटेड वीडियो प्रसारित किया गया था जिसमें उन्हें एससी-एसटी और ओबीसी समुदायों के आरक्षण को हटाने का झूठा वादा करते हुए दिखाया गया था। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि छेड़छाड़ किया गया वीडियो कथित तौर पर आधिकारिक तेलंगाना कांग्रेस के एक्स हैंडल द्वारा साझा किया गया था और उसके बाद, पार्टी के कई नेताओं ने इसे दोबारा पोस्ट किया। इस बीच, दिल्ली पुलिस साइबर सेल की एक टीम अमित शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो को पोस्ट करने के लिए सोशल मीडिया हैंडल को नोटिस जारी करने के लिए सोमवार को तेलंगाना के लिए रवाना हुई, जिसमें उन्हें कथित तौर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के लिए आरक्षण को खत्म करने का वादा करते हुए सुना जा सकता है।

## चुनाव के चलते कर सकते हैं विचार सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी, क्या 7 मई को केजरीवाल को मिल जाएगी जमानत?



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय से कहा कि वह चुनाव के कारण अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत के सवाल पर विचार कर सकता है। शीर्ष अदालत ने ईडी के वकील से कहा कि वह मंगलवार (7 मई) को मामले की सुनवाई करते समय इस पहलू पर तैयार होकर आएं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने दोनों पक्षों को सचेत करते हुए कहा कि वे यह न मानें कि अदालत जमानत दे देगी। कोर्ट ने कहा कि हम अनुदान दे सकते हैं या हम अनुदान नहीं दे सकते। लेकिन हमें आपके लिए खुला रहना चाहिए क्योंकि किसी भी पक्ष को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही ईडी से संभावित समाधान पेश करने को कहा। अगर दिल्ली के मुख्यमंत्री को अंतरिम जमानत दी जाती है तो केजरीवाल पर शर्तें लगाई जाएंगी। अदालत ने ईडी से यह भी विचार करने को कहा कि क्या केजरीवाल को मुख्यमंत्री के रूप में अपनी स्थिति को ध्यान में रखते हुए किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर करना चाहिए।

न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि हम चुनाव के कारण अंतरिम जमानत देने पर विचार करना चाहेंगे। डॉ. सिंघवी हमें सुने बिना शुरुआत न करें हम कर सकते हैं या नहीं दे सकते।

हम आपकी बात सुनने जा रहे हैं। हमें आपके लिए खुला रहना चाहिए, क्योंकि किसी भी पक्ष को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने दिल्ली की अब खत्म हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। अब तक उनकी सभी जमानत याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं, वहीं बीजेपी ने उनके मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे की मांग उठाई है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उत्पाद नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी और कहा कि यह सुनवाई योग्य नहीं है। उच्च न्यायालय ने कहा कि केजरीवाल के पास निश्चित रूप से अदालत का दरवाजा खटखटाने और उचित कार्यवाही दायर करने के साधन हैं।

## कर्नाटक सेक्स स्कैंडल की पीड़िता नें अपनी शिकायत में क्या-क्या बातें कहीं, प्रज्वल रेवन्ना पर लगें है दिल दहला देने वाले आरोप



कर्नाटक। कर्नाटक के हासन से जनता दल (सेक्युलर) की एक महिला कार्यकर्ता ने सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर बंदूक की नोक पर उसके साथ बलात्कार करने और इस कृत्य का वीडियो रिकॉर्ड करने का आरोप लगाया है। जद (एस) कार्यकर्ता की शिकायत के आधार पर, आपराधिक जांच विभाग द्वारा पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई है, जो रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों की जांच कर रही है।

अपनी शिकायत में, महिला ने कहा कि प्रज्वल उसे एमपी क्वार्टर में ले गया था जहां उसने बंदूक की नोक पर अपराध को अंजाम दिया और धमकी दी कि अगर उसने किसी को बताया कि उसने क्या किया है तो वह उसे और उसके पति को भी मार डालेगा। द इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, उन्होंने आरोप लगाया, उसने (प्रज्वल रेवन्ना) मुझसे अपने कपड़े उतारने के लिए कहा। मैंने इनकार कर दिया और मदद के लिए चिल्लाने की धमकी दी। लेकिन उसने मुझे यह कहते हुए धमकी दी कि उसके पास बंदूक है और वह मेरे पति और मुझे नहीं छोड़ेगा। शिकायतकर्ता ने कहा उसने धमकी दी कि अगर मैंने इसके बारे में किसी को बताया तो वह वीडियो को सार्वजनिक कर देगा। उन वीडियो का इस्तेमाल (एवरेज के रूप में) करके, वह मुझे फोन पर वीडियो कॉल करता था और मुझे कपड़े उतारने के लिए कहता था। उसने मेरे साथ कई बार बलात्कार भी किया। उसने आरोप लगाया कि 1 जनवरी 2021 से 25 अप्रैल 2024 के बीच कई मौकों पर उसके साथ बलात्कार किया गया और उसे परेशान किया गया।

हासन से मौजूदा सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना पर कथित सेक्स टेप रिकॉर्ड करने का आरोप लगाया गया है। कथित तौर पर उनके यौन उत्पीड़न के वीडियो वाली हजारों पेन ड्राइव हसन, लोकसभा क्षेत्र में प्रसारित की गईं, जहां से वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-जद (एस) के उम्मीदवार हैं।कर्नाटक सरकार ने आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। प्रज्वल रेवन्ना का दावा है कि वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई थी और जिस दिन कर्नाटक पुलिस ने एसआईटी का गठन किया, उसी दिन वह फ्रैंकफर्ट के लिए रवाना हो गए। उन्हें उनकी पार्टी ने निलंबित भी कर दिया है.इससे पहले, रेवन्ना पर 28 अप्रैल को होलेनारासिपुरा टाउन पुलिस में दर्ज एक शिकायत के आधार पर कथित यौन उत्पीड़न मामलेमेंमामला दर्जकिया गया था।गुरुवारको, प्रज्वलरेवन्ना, उनके पिता एचडीरेवन्नाऔरउनकेविश्वासपात्र सतीश बबन्ना पर भी पांच दिन पहलेएक महिला के कथित अपहरण के आरोप में मामला दर्ज किया गया था।

## सात फेरों और मंत्रोच्चार के बिना हिंदू शादी वैध नहीं, सुप्रीम फैसले की 5 बड़ी बातें



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि युवाओं को विवाह से पहले संस्था की पवित्रता ध्?यान में रखनी चाहिए. अदालत ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार है जिसकी अपनी पवित्रता है. सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक, शादी कोई 'नाच-गाने' और 'खाने-पीने' का आयोजन नहीं है. अदालत ने कहा कि सिर्फ रजिस्ट्रेशन कराने से शादी वैध नहीं हो जाती. विवाह पूर्ण होने के लिए सभी रिवाजों (मंत्रोच्चार, सप्तपदी इत्यादि) का पालन जरूरी है. जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि सभी जोड़ों को हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 7 में बताए गए प्रचलित रीति-रिवाजों और समारोहों में सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए. वर और वधू सभी रीति-रिवाज पूरे करें, यह शादी कराने वाले पुजारी का भी दायित्व है. अदालत ने यह टिप्पणियां एक पत्नी की याचिका पर सुनवाई के दौरान की. महिला ने तलाक कार्रवाई के ट्रांसफर की मांग की है. मुकदमा जारी रहते हुए ही, पति और पत्नी ने संयुक्त रूप से यह घोषणा कर दी कि उनकी शादी वैध नहीं है. दावा किया कि उन्होंने कोई विवाह नहीं किया है क्योंकि उन्होंने कोई रीति-रिवाज, संस्कार या अनुष्ठान नहीं किया है. हालांकि, कुछ परिस्थितियों और दबावों के कारण उन्हें शादी का रजिस्ट्रेशन कराना पड़ा. सुप्रीम कोर्ट ने यह देखते हुए कि वास्तव में कोई विवाह नहीं हुआ था, फैसला सुनाया कि कोई वैध विवाह नहीं था. सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान, हिंदू विवाह से जुड़ी कुछ अहम टिप्पणियां कीं. सुप्रीम कोर्ट की 5 अहम टिप्पणियां पढ़?ए.

'हिंदू विवाह एक संस्कार और धार्मिक अनुष्ठान है जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में अपना दर्जा दिया जाना चाहिए. इसलिए, हम युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह करते हैं कि वे विवाह की संस्था के बारे में गहराई से सोचें और यह भी कि भारतीय समाज में यह संस्था कितनी पवित्र है.'

'विवाह 'गाने और नाचने' और 'खाने-पीने' या दहेज और उपहारों की मांग करने और अनुचित दबाव के जरिए लेन-देन करने का अवसर नहीं है. विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है. यह एक पवित्र आधारभूत समारोह है. 'सुप्रीम कोर्ट ने उन मामलों का भी जिक्र किया जहां जोड़ों ने अपनी शादी को 'व्यवहारिक कारणों' की वजह से हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 8 के तहत रजिस्टर कराया, जबकि असल में शादी संपन्न नहीं हुई थी. अदालत ने कहा कि इसके खिलाफ चेताया और कहा क? सिर्फ रजिस्ट्रेशन से ही शादी वैध नहीं हो जाती. अदालत ने विवाह संस्था को महत्वहीन न बनाने का आग्रह किया.'विवाहित जोड़े का दर्जा देने और व्यक्तिगत और स्थायी अधिकारों को स्वीकार करने के लिए विवाह के पंजीकरण के लिए एक तंत्र प्रदान करने के अलावा, हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 में संस्कारों और समारोहों को एक विशेष स्थान दिया गया है. इसका अर्थ है कि हिंदू विवाह के अनुष्ठान के लिए महत्वपूर्ण शर्तों का लगन, सख्ती और धार्मिक रूप से पालन किया जाना चाहिए." हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 7 के तहत रीति-रिवाजों और समारोहों का ईमानदारी से संचालन और भागीदारी सभी विवाहित जोड़ों और समारोह कराने वाले पुजारियों द्वारा सुनिश्चित की जानी चाहिए.'

## खरवैचा में यज्ञोपवीत संस्कार का कार्यक्रम संपन्न



प्रतापपुर।क्षेत्र के ग्राम गहरपुर खखैचा में वेद शास्त्र आदि के प्रकांड विद्वान तथा गुरुकुल संचालक एवं संस्कृत विद्यालय में सहायक अध्यापक रूप में सेवा दे रहे आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक ने सनातन धर्म परंपरा का निर्वहन करते हुए अपने तीनों पुत्रों चि. यज्ञदत्त द्विवेदी,शिवदत्त द्विवेदी,कृष्णदत्त द्विवेदी का काशी एवं प्रयागराज के वेदज्ञ आचार्यों द्वारा पूरे विधि विधान से यज्ञोपवीत (जनेऊ) संस्कार कराया।

इस धार्मिक कार्यक्रम के पहले श्रीरामचरितमानस का पाठ तथा कार्यक्रम के बाद कविसम्मेलन और भंडारे का भी आयोजन हुआ।

इस अवसर पर आचार्य पवन शुक्ल,आचार्य उपेंद्रनाथ तिवारी,आचार्य विकास मिश्र,आचार्य कौशल वैदिक,आचार्य साधू तिवारी,आचार्य चंद्रभूषण तिवारी,आचार्य अंकित तिवारी,अभिनव द्विवेदी,आलोक द्विवेदी,कवियत्री ऋतु पाण्डेय त्रिधा,कवि देवीप्रसाद पाण्डेय,कवि कमलेश पाण्डेय 卐कमल卐,कवि निखिलेश मालवीय,कवि अमित आनंद शर्मा,इं. रजनीकांत पाण्डेय,सहायक समिक्षा अधिकारी हाईकोर्ट प्रयागदत्त तिवारी,भरत लाल दुबे हाइकोर्ट,एड. हौसिला प्रसाद दुबे हाइकोर्ट,राजेन्द्र प्रसाद तिवारी,जगदीश शुक्ल,फूलकुमारी द्विवेदी,सुमन तिवारी,सुशीला तिवारी,कमलादेवी,ज्योति रमा द्विवेदी,रेखा द्विवेदी,विष्णुदत्त वेद,देवदत्त वैभव,कान्हा आदि सहित क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग उपस्थिति रहे।

## 5 कैमिकल से बने प्रोडक्ट्स बढ़ा देते हैं कैंसर का खतरा! लेबल पढ़कर समझदारी से खरीदें सामान



कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसने दुनियाभर में लाखों लोगों को अपना शिकार बनाया है. इसकी मृत्यु दर भी काफी अधिक है और भारत में स्थिति ज्यादा गंभीर है. नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफॉरमैटिक्स एंड रिसर्च की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, 卐भारत में 2022 में कैंसर के 14 लाख नए मामले सामने आए हैं, यानी लगभग हर नौवां व्यक्ति कैंसर से पीड़ित है.

धूम्रपान और शराब के सेवन जैसे जाने-माने कार्सिनोजेन (कैंसर पैदा करने वाले तत्व) के अलावा, हमारे डेली जीवन में इस्तेमाल होने वाले कुछ रसायन भी हैं जो धीरे-धीरे कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं. ऐसे में जरूरी है कि हम इन रसायनों के बारे में जानें और कोई भी प्रोडक्ट्स खरीदने से पहले उसकी ठीक से जांच करें. आज हम आपको उन 5 कैमिकल्स के बारे में बता रहे हैं जिनकी जांच आपको हर प्रोडक्ट खरीदने से पहले करनी चाहिए.

**कोल टार**

कोल टार कोयला प्रोसेसिंग का एक उप-प्रोडक्ट है और ज्ञात कैंसरजन है. कॉस्मेटिक और स्किनकेयर प्रोडक्ट्स जैसे हेयर डाई, शैंपू और अन्य में कोल टार होता है. इस कैमिकल के नियमित संपर्क से फेफड़े, ब्लैडर, किडनी और पाचन तंत्र से संबंधित कैंसर हो सकता है.

**पैराबेंस**

पैराबेंस का इस्तेमाल कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स में प्रिजर्वेटिव्स के रूप में किया जाता है. अध्ययनों से पता चला है कि पैराबेंस हार्मोन असंतुलन पैदा कर सकते हैं और माना जाता है कि ये ब्रेस्ट कैंसर के खतरा को बढ़ा सकते हैं. इसलिए ऐसे प्रोडक्ट्स खरीदें जिन पर 'पैराबेन-फ्री' लेबल लगा हो.

**फॉर्मलडिहाइड**

फॉर्मलडिहाइड का इस्तेमाल कई घरेलू सामानों में किया जाता है, जैसे कि फर्नीचर, गलीचे और नाखून कठोर करने वाले प्रोडक्ट्स में. यह कैमिकल स्किन, नाक और गले के कैंसर का खतरा बढ़ा सकता है. फॉर्मलडिहाइड की गंध वाले प्रोडक्ट्स को खरीदने से बचें.

**फथेलेट्स**

फथेलेट्स का इस्तेमाल प्लास्टिक प्रोडक्ट्स को लचीला बनाने के लिए किया जाता है. ये कैमिकल हार्मोन असंतुलन पैदा कर सकते हैं और माना जाता है कि ये कुछ प्रकार के कैंसर के खतरे को बढ़ा सकते हैं. 'बिना फथेलेट' लेबल वाले प्रोडक्ट्स को चुनें.

**ऐक्रिलामाइड**

ऐक्रिलामाइड कुछ फूड में पाया जाता है, खासकर अधिक तापमान पर पकाए गए स्टार्च रिच फूड में, जैसे कि फ्रेंच फ्राइज और आलू के चिप्स. यह कैमिकल संभावित रूप से कैंसर पैदा करने वाला माना जाता है. तले हुए और पैकेज्ड फूड का सेवन कम करें और ताजे फूड को प्राथमिकता दें.

## मुफ्त अनाज योजना से गुमराह न हो गरीब जनता, जनता के पैसे से दिया जाता है अनाज: मायावती



बदायूं (उत्तर प्रदेश) । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को केन्द्र सरकार की मुफ्त अनाज योजना को छलावा बताते हुए कहा कि जनता इससे प्रभावित न हो क्योंकि यह अनाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जेब से नहीं बल्कि खुद गरीब जनता की गाढ़ी कमाई से दिया जा रहा है। मायावती ने यहां एक चुनावी जनसभा में जनता को विरोधी पार्टियों के खोखले वादों से आगाह करते हुए भाजपा पर कांग्रेस की ही तरह जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया।बसपा प्रमुख ने केन्द्र सरकार की मुफ्त अनाज योजना का जिक्र करते हुए कहा कि वे (भाजपा नेता) लोगों से कहते हैं कि भाजपा और मोदी ने उन्हें मुफ्त राशन दिया है और उन्हें भाजपा को वोट देकर यह कर्ज चुकाना चाहिए, मगर लोगों को इससे गुमराह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो मुफ्त राशन दिया जा रहा है वह मोदी जी या भाजपा की जेब से नहीं आ रहा है, बल्कि यह कर के रूप में दिये गये आपके ही पैसे से दिया जा रहा है। मायावती ने कहा कि लोगों को यह सोचने की ज़रूरत नहीं है कि यह कोई कर्ज है जिसे चुकाना होगा।उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि गरीब लोगों की जटिल समस्या केवल हर हाथ को काम देने से ही खत्म होगी। अगर सरकार बनाने का मौका मिला तो उनकी पार्टी इस पर ध्यान देगी। बसपा अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ज्यादातर देखा गया है कि जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां सपा अपने परिवार के किसी व्यक्ति को टिकट देती है और जहां हिंदू संख्या में अधिक हैं, वहां मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा करती है। यह समाजवादी पार्टी का चरित्र है। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में मुस्लिम आबादी वाले बदायूं के मामले में सपा ने अपने परिवार के ही सदस्य (आदित्य यादव) को उम्मीदवार बनाया है।मायावती ने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी पार्टी बसपा में टिकट आवंटन को लेकर कोई भेदभाव नहीं है और सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। अपने राजनीतिक विरोधियों पर हमला बोलते हुए बसपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की तरह भाजपा ने भी जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में मुसलमानों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की तरक्की रुक गई है और हिंदुत्व की आड़ में अत्याचार और उत्पीड़न चरम पर है।मतदाताओं से कांग्रेस, भाजपा और उनके समर्थक दलों को सत्ता में आने से रोकने का आह्वान करते हुए बसपा अध्यक्ष ने आगाह किया कि ये दल सत्ता में आने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे मगर उन्हें रोकने के लिये उनकी पार्टी के लोगों को रहना होगा। रैली के दौरान मायावती ने अपनी पार्टी के उम्मीदवारों बदायूं से मुस्लिम खान, आंवला से आबिद अली और संभल से सौलत अली के लिए समर्थन मांगा और जनता से उन्हें विजयी बनाने की अपील की। इन तीनों सीट पर लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

## कांग्रेस आपके बच्चों की संपत्ति मुसलमानों को देना चाहती है:केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर




केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में विदेशी शक्तियों का हाथ दिखाई देता है जो आपके बच्चों की संपत्ति मुसलमानों को देना चाहती है।

ठाकुर ने हमीरपुर में एक सभा संबोधित करते हुए कहा, यह जनता को तय करना है कि आपकी संपत्ति आपके बच्चों को मिलनी चाहिए या मुसलमानों को। हमने शौचालयों, घरों से लेकर गैस सिलेंडर और भोजन तक मुसलमानों को समान अधिकार दिए हैं, लेकिन धर्म के नाम पर नहीं।

भारतीय जनता पार्टी के नेता ने कहा कि कांग्रेस देश को धर्म और क्षेत्र के आधार पर बांटना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया, मैं कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि जब राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री बने, तो यह नियम था कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 55 प्रतिशत संपत्ति सरकारी खजाने में जाएगी, लेकिन राजीव गांधी ने उनकी संपत्ति बचाने के लिए कानून बदल दिया।

ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने प्रगति की है और दुनिया में मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा, अब यह सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि वे राज्य के सभी चार सांसदों को भेजकर मोदी की मदद करें और साथ ही उन छह विधायकों का चुनाव करें जहां एक जून को उपचुनाव होंगे।

भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 55 वर्षों के शासन के दौरान महिलाओं को उचित सम्मान नहीं दिया गया।

# मोदी की चाहत में दीवाना हुआ कानपुर



**कनपुरिया बोले नमो नमो,**
**कानपुर के मन मे मोदी**
**कानपुर में रोड शो में मोदी को देखने की दिखी दिवानगी**
**चकेरी एयरपोर्ट से लेकर गुमटी तक कार में खड़े होकर मोदी ने किया जनता का अभिवादन**



किन्नर समाज के लोग भी पहुंचे मोदी के रोड शो में

बीपीएस न्यूज

**कानपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का काफिला जैसे ही चकेरी एयरपोर्ट से आगे बढ़ा दोनों तरफ कानपुर लोकसभा अकबरपुर लोकसभा के मतदाताओं ने पुष्प वर्षा एवं हाथ हिला कर अभिवादन किया धीरे-धीरे काफिला आगे बढ़ते बढ़ते जैसे ही जरीब चौकी के पास पहुंचा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपनी गाड़ी के बाहर खड़े होकर रोड शो की शुरुआत कर दी

ठीक 6: 40 मिनट पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुमटी नंबर 5 गुरुद्वारे में पहुंचकर अपना माथा टेका उससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी दीपू पांडे शिवराम सिंह भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी भोले सिंह आदि भाजपा नेताओं से भेंट कर चल रहे चुनाव का हाल जाना।

ठीक 7: 00 बजे जैसे ही काफिला आगे बढ़ा उसके बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक रथ पर सवार होकर आगे बढ़े उसे रथ पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर लोकसभा के प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर लोकसभा के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले कानपुर नगर के सांसद सत्यदेव पचौरी भी साथ थे जैसे-जैसे काफिला गुमटी नंबर 5 से संत नगर चौराहे की तरफ जैसे ही बढ़ा वैसे शंख घड़ियाल और हर हर मोदी ,कानपुर मे स्वागत है मोदी जी का स्वागत है जैसे-जैसे काफिला आगे बढ़ा वैसे-वैसे घर की छतो से घरों के नीचे खड़े हो कर यहां के मतदाताओ ने पुष्प वर्षा कर लोगों ने मोदी जी का धन्यवाद कियाअलग अलग ब्लॉक मे खड़े मतदाताओं ने मोदी जी से प्रणाम किया जिसका अभिवादन मोदी ने स्वीकार किया ब्लॉक मे खड़े संत ,महात्माओ को मोदी जी ने प्रणाम किया तो वहा खड़े संतो ने मोदी को आशीर्वाद दिया।




## युवाओं ने डमरू बजाकर किया स्वागत

रोड शो के रास्ते मे किनारे खड़े होकर नव मतदाता युवाओं ने डमरू बजाकर मोदी जी से कहा कि काशी विश्वनाथ बाबा का आशीर्वाद मोदी जी जिंदाबाद के गगन भेदी नारे लगाए अगले ब्लॉक में खड़े सभी एथलीट खिलाड़ियों ने मोदी जी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। पंजाबी मतदाताओ के लिए बने ब्लॉक के पास जैसे ही मोदी जी का रथ पहुंचा वैसे ही वहा खड़े मतदाताओ ने साडा पीएम मोदी पीएम के नारे लगाए और पुष्प वर्षा भी की

अगले ब्लॉक में खड़े सिंधी समाज के लोगों ने मोदी जी को देखते ही नारे लगाना शुरू कर दिए आयो लाल झूलेलाल धीरे–धीरे बढ़ते हुए मोदी जी का रोड शो संत नगर चौराहे पर पहुंचा तो वहा घरों पर लोगो ने पुष्प वर्षा की

पूरे रोड शो मे आम मतदाता मोदी जी जिंदाबाद मोदी मोदी के नारों से गुजाएंमान हो गया धीरे–धीरे बढ़ता हुआ रोड शो मार्ग के दोनों तरफ मोदी मोदी के नारे और मोदी जी के अभिवादन से आकर्षण को उत्पन्न कर रहा था अंतिम 37 में ब्लॉक में दिव्यांग भाई बहनों ने मोदी जी के ऊपर पुष्प वर्षा करते हुए उनका अभिवादन किया ठीक 7: 31 पर मोदी जी रथ नुमा जीप से नीचे उतरे जहां पर खड़े भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के महामंत्री राम किशोर साहू क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी सुनील तिवारी पवन प्रताप सिंह रामशरण कटियार सुनील साहू आदि 15 पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भेंट करते हुए एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए ।



## भाजपा प्रत्याशी के अनुज ने घर घर किया जनसंपर्क

बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रमेश अवस्थी के समर्थन में उनके अनुज अजय अवस्थी ने कैंट विधानसभा के अंतर्गत बाबूपुरवा मंडल वार्ड संख्या 105 शहीद पार्क सम्राट नगर, टाटमिल ,हसनैन रोड डाकखाना रोड तथा मुख्य बाजारों में घर घर जाकर लोगों से संपर्क किया सम्पर्क के दौरान जीत का अंतर पांच लाख पार के नारे लगाते हुये उत्साही जनता एक नारा पहले मतदान फिर जलपान का ज्ञान दिया। प्रत्याशी के भाई अजय अवस्थी ने कहा कि मोदी जी के रोड शो ने जीत का मैदान साफ कर दिया है आप विरोधियो को ऐसा सबक सिखाये जो कानपुर के लिए मिशाल बन जाय द्य जीत के बाद कानपुर में विकास के मामले में विश्व स्तर पर विकास का मॉडल अपनाया जायेगा द्य फिर एक बार चार सौ पार द्यइस दौरान नरेंद्र बाजपेई धीरज जायसवाल राजेश अवस्थी,राजन शुक्ला ,कल्लू गुप्ता, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## हिंदू सिरमौर एवं अग्रणी योद्धा की प्रतिमा से अभद्रता की घोर निन्दा



बीपीएस न्यूज

कानपुर। शनिवार को मैनपुरी मे अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान महराणा प्रताप की प्रतिमा से अभ्रदता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों के इस्तेमाल का सपाईयो पर आरोप लगाते हुए भाजपाईयो ने कड़ी कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध मे भाजपा कानपुर दक्षिण जिले द्वारा एसीपी बाबूपरवा अमरनाथ को साकेत नगर स्थित भाजपा किदवई नगर विधानसभा चुनाव कार्यालय के बाहर जिलाधिकारी कानपुर नगर को संबोधित ज्ञापन सौपा। इसमें कहा गया कि जिस प्रकार से अपने स्वभाव के अनुरूप सपाइयो ने हिन्दू सिरमौर एवं अग्रणी योद्धा महराणा प्रताप की प्रतिमा से अभ्रदता की है वह घोर निन्दनीय है। यही नही सपाईयो ने इससे भी आगे बडकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे मे अपशब्दों का प्रयोग किया है वह अक्षम्य है। भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी के इस अमर्यादित आचरण की घोर निंदा करती है।भाजपाइयों ने एसीपी को सौपे ज्ञापन में मांग की सपाईयो का यह दुराचरण किसी राष्ट्रद्रोह से कम नही है अत~राजनीतिक दल का चौला ओडे ऐसे अराजकतत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही कर मुकदमा पंजीकृत कर कठोर सजा दी जाए ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, विधायक महेश त्रिवेदी, सुनील नारंग, रामदेव शुक्ला, प्रकाश वीर आर्य, गणेश शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, रामबहादुर यादव राजन चौहान, राजू बाजपेयी, संजय दुबे आदि रहे।

# स्टेशनरी और खाद्य साम्रगी का किया गया वितरण

**बच्चों को मतदान के लिये किया गया प्रेरित, दिलाई गई शपथ**




बीपीएस न्यूज

कानपुर। मुहिम वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में स्व. यमुना प्रसाद मिश्र की 7 वीं पुण्यतिथि पर स्टेशनरी और खाद् साम्रगी का वितरण मिशन मुस्कान पाठशाला सरसैया घाट में किया गया।संस्था लगातार सामाजिक कार्यों में निस्वार्थ भाव से कार्यरत रहती है उसी क्रम में यह आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 बच्चों ने कार्यक्रम में सिरकत की।प्रदेश अध्यक्ष विभोर द्विवेदी ने बताया गरीब और निराश्रित बच्चों के लिये कार्य करना हमारी प्राथमिकता में है,संस्था के सभी सदस्य सदैव इस कार्य को पूर्ण करने के लिये क्रियाशील और दृढ़संकल्पित रहते हैं।भविष्य में हम बच्चों के लिये और भी बेहतर कार्य करने का प्रयास करेंगे।13 मई को सभी बच्चों को शपथ दिलाकर मतदान के लिये परिवार के सभी सदस्यों को मत प्रतिशत बढ़ाने के लिये प्रेरित किया गया।प्रदेश महामंत्री भरत मिश्र जी ने बताया संस्था 11 वर्षों से लगातार कार्य कर रही है।हम अपने सभी युवा साथियों और उनके विश्वास के लिये आभार व्यक्त करते हैं।कार्यक्रम का संयोजन श्री मती सुमन मिश्रा जी द्वारा किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री शंकर दयाल दुबे जी,विभोर द्विवेदी, भरत मिश्र, अंकित गुप्ता,गुंजन मिश्रा, श्री मती प्रियंका पांडेय, अजय शर्मा, हितेश अग्रवाल,विक्रम अवस्थी,विक्रम गुप्ता, आशीष गुप्ता, अजय अवस्थी,संदीप गुप्ता,सतीश चन्द्र शर्मा, अरूण कुमार अस्थाना,हर्ष अवस्थी,सिब्रत श्रीवास्तव आदि सदस्य मौजूद रहे।

# एल्डिको का होगा कायाकल्प

**रमेश अवस्थी को जनसम्पर्क कराया, किया भव्य स्वागत**



बीपीएस न्यूज

कानपुर। एल्डिको गार्डेन स्टेट के अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी व महापौर प्रमिला पाण्डेय का एल्डिको गार्डेन में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मनोज गुप्ता ने महापौर से एल्डिको की सड़कों, पार्कों, नालों आदि को दुरुस्त कराये जाने का अनुरोध किया। महापौर ने आश्वासन देते हुए कहा कि इन समस्याओं के निराकरण के लिये जल्द से जल्द कदम उठायेंगे, साथ ही प्रत्याशी भाजपा लोकसभा रमेश अवस्थी को जनसम्पर्क करा कर उन्हें जिताने का संकल्प किया। दिवाकर मिश्रा ने मनोज गुप्ता को एल्डिको संचालन समिति का अध्यक्ष बनाया है। इस अवसर पर दुर्गा प्रसाद केसरवानी, राकेश गुप्ता, राम मोहन गुप्ता, विनोद, शिव कुमार अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, अंचल गुप्ता सहित एल्डिको के निवासी भारी संख्या में मौजूद रहे।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6–ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344– बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट–समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।